26 April -26 page 1 25-04-26 11:10 PM Page 1

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। रविवार 26 अप्रैल -2026 ● वर्ष : 11 अंक : 123 पेज-08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3




# गाजियाबाद के विजन इंडिया शिखर सम्मेलन में अखिलेश यादव की बड़ी घोषणा

## सरकार बनते ही 24 घंटे में होगा गन्ना किसानों का भुगतान, दी जायेगी एमएसपी की लीगल गारंटी

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** समाजवादी पार्टी की ओर से विभिन्न राज्यों में विजन इंडिया के तहत बुद्धिजीवियों के साथ कई दौर के राउंड टेबल प्रोग्राम सम्पन्न हो चुके हैं। इसकी कड़ी में गाजियाबाद में शनिवार को होटल रेडिसन ब्लू में किसान क्यों पीड़ित, क्यों परेशान विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें मीडिया जगत से लेकर उद्योग एवं किसान नेताओं के अलावा तमाम बुद्धिजीवियों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम को सपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व एमएलसी अभिषेक मिश्रा ने आयोजित किया। कार्यक्रम में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने वीडियो कान्फ्रेसिंग के जरिए आगामी भविष्य को लेकर अपना विजन रखा। उन्होंने कहा कि भविष्य में काफी कुछ करना है और सबसे बड़ी घोषणा उन्होंने ये की कि सपा की सरकार बनते ही गन्ना किसानों के भुगतान की परेशानी को दूर किया जायेगा। उनके खाते में 24 घंटे के अंदर भुगतान को ट्रांसफर कर दिया जायेगा। इसके अलावा अखिलेश यादव ने कहा कि एमएसपी को लीगल गारंटी में शामिल किया जायेगा जिसमें 23 फसलों के अलावा दूध को भी रखा जायेगा। लोन पीड़ित किसानों को आत्महत्या से मुक्ति दिलाने के लिए एग्रीकल्चर लैंड रिलीफ एक्ट लाया जायेगा। किसानों की समस्याओं के लिए कमीशन और आयोग का गठन किया जायेगा। अपने सम्बोधन में पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका उद्देश्य किसानों की आय कैसे बढ़ाई जाये, इस पर केन्द्रित रहेगा।

कार्यक्रम में हांग कांग के उद्यमी बृजेन्द्र यादव ने अपने संबोधन में कृषि में एआई पद्धति की विशेषताओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि आज के दौर में एआई किसानों के लिए बड़े काम की चीज है।












### 24 घंटे में किया जायेगा गन्ने का भुगतान




**करंट क्राइम।** अखिलेश यादव ने अपने संबोधन के क्रम में कहा कि उत्तर प्रदेश सबसे ज्यादा गन्ने की पैदावार करता है। चीनी के उत्पादन में भी हम नंबर वन हैं। मगर हमारे किसान को अपने भुगतान के लिए संघर्ष करना पड़ता है। समय से भुगतान नहीं होता। यहां पर अखिलेश यादव ने ऐलान किया कि सपा की सरकार बनते ही 24 घंटे में किसानों का भुगतान किया जायेगा। इधर पर्ची हाथ में होगी, उधर पैसा एकाउंट में होगा। भले ही इसके लिए उन्हें रिवाल्विंग फंड क्यों ना बनाना पड़े। जिन्होंने भी हमारा मैनीफेस्टो पढ़ा है, वो जानते हैं कि हमने रिवाल्विंग फंड बनाने की योजना बनाई थी। आगे भी रिवाल्विंग फंड बनायेंगे जिसमें 15 हजार करोड़ रूपये का प्रावधान किया जायेगा। उद्योगपतियों और किसानों के बीच तालमेल स्थापित किया जायेगा। रिकवरी कैसे पढ़े, इस पर फोकस करेंगे।



### जब खेत मुस्कुरायेगा तब देश मुस्कुरायेगा : अखिलेश यादव

**करंट क्राइम।** सेमिनार के दौरान अखिलेश यादव ने अपना पूरा फोकस किसान उत्थान पर रखा। उन्होंने अपने 10 मिनट के संबोधन में किसान हित से जुड़ी कई बातें कहीं। उन्होंने कहा कि किसान खुशहाल होना चाहिए। उसके सामने जो संकट है, जो परेशानियां हैं हम उसे दूर करेंगे। वो बोले जब खेत मुस्कुरायेगा तब देश मुस्कुरायेगा। किसान खुशहाल होगा, हमारी अर्थव्यवस्था आगे बढ़ेगी। रेवेन्यू बढ़ेगा और प्रदेश भी आगे बढ़ेगा।



### गाजियाबाद को बताया प्रदेश का रूरल-अर्बन ब्रैंड




**करंट क्राइम।** अपने संबोधन की शुरूआत में अखिलेश यादव ने कहा कि संसाधनों के अभाव की वजह से आज का किसान खेती नहीं करना चाहता है। अगर विकल्प मिले तो वो खेती-बाड़ी छोड़ दे। विजन इंडिया के माध्यम से हम बुद्धिजीवियों की राय लेकर एक भविष्य का खाका तैयार कर रहे हैं। सभी के विचारों से भविष्य की योजना पर काम कर सकते हैं। हमारा देश भी कृषि प्रधान है प्रदेश भी कृषि प्रधान है। गाजियाबाद हमारे प्रदेश का रूरल और अर्बन का ब्रैंड है। यहां उद्योग भी हैं तो यहां खेती-बाड़ी भी है। यहां बड़ी मंडी भी है। इसलिए हमने किसानों के विषय की शुरूआत यहां से की।

### कार्यक्रम स्थल के बाहर अभिषेक गर्ग का प्रचार दिख रहा था जोरदार




**करंट क्राइम।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव एवं शहर सीट से टिकट के दावेदार अभिषेक गर्ग ने इस कार्यक्रम को लेकर समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के प्रति अपनी भावनाओं को कुछ अलग ही अंदाज में पेश किया। होटल के दायरे के लगभग कई किलोमीटर के एरिया में राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वागत में अधिकृत विज्ञापन साईटों पर होर्डिंग लगवाये हुए थे। अभिषेक गर्ग का ये स्वागत वाला अंदाज खूब सुर्खियों में रहा। कहने वाले यही कहते सुनाई दिये कि अभिषेक गर्ग ने कार्यक्रम के प्रचार को लेकर कोई कसर नहीं छोड़ी। लोग उनके इस अंदाज को उनके शक्ति प्रदर्शन से भी जोड़कर चल रहे थे।

### किसानों की परेशानियों को दूर करने के लिए होगा आयोग का गठन

**करंट क्राइम।** पूर्व सीएम ने कहा कि किसान की खुशहाली उनका प्रमुख फोकस है। किसान पर किसी आपदा के बाद अगर कर का बोझ बढ़ता है तो उससे राहत देने के लिए एग्रीकल्चर लैंड रिलीफ एक्ट भी लाना पड़े तो हम लायेंगे। एक कमीशन व किसान आयोग का गठन किया जायेगा। जिससे किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान होगा। रूरल इन्फ्रास्ट्रक्चर को बेहतर किया जायेगा। पेट्रेसाईट और बीज पर विशेष काम होगा।



### वायुयान में तकनीकी खराबी की वजह से गाजियाबाद नहीं आ सके अखिलेश यादव

**करंट क्राइम।** विजन इंडिया कार्यक्रम के तहत शनिवार को रेडिसन ब्लू होटल में किसानों के विषय पर बुद्धिजीवियों को सम्बोधित करने के लिए अखिलेश यादव को आना था। उनके आगमन की तैयारियों का नजारा पूरी तरह होटल के आस पास दिखाई दे रहा था। सपा नेताओं ने होर्डिंग से उनके स्वागत में पूरा स्थान पाटा हुआ था। उनके आने का इंतजार सपा के बड़े नेता आयोजन स्थल पर कर रहे थे। कई नेता हिंडन एयरपोर्ट पर उन्हें रिसीव करने भी गये थे। लगभग एक घंटे बाद पता चला कि अखिलेश यादव नहीं आ रहे हैं। ये खबर जैसे ही फैली वैसे ही माहौल में सन्नाटा छा गया। यहां पर कार्यक्रम का संचालन कर रहे अभिषेक मिश्रा ने बताया कि अध्यक्ष जी वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। वीडियो कान्फ्रेसिंग पर आते ही अखिलेश यादव ने अपने ना आने की वजह बताई। उन्होंने कहा कि वह हवाई जहाज में बैठ चुके थे। पायलेटों ने तकनीकी खराबी की वजह बताई। जिस वजह से वह नहीं आ पाये। फिर उन्होंने वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से ही अपने विजन को रखा।

### अखिलेश यादव ने किसानों की आत्महत्या पर प्रकट की चिंता

करंट क्राइम। सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपने संबोधन में किसानों की आय और सुविधाओं का आंकलन किया। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की आय दोगुनी करने की बात करती है। ये बात कागज पर तो दिखती है। लेकिन सच्चाई इससे अलग है। हम यहां पर यही बात उठाना चाहते हैं कि किसानों की आय कैसे बढ़े। जो आंकड़े हैं उसके अनुसार वर्तमान में आंकलन करें तो 11-12 हजार रूपये के बीच किसान की आय होगी। 90 प्रतिशत किसान बहुत संक्षिप्त भूमि पर काम करता है। मौसम एवं अन्य नुकसान की वजह से लाखों किसान आत्महत्या कर चुके हैं। यूपी में ये आंकड़ा लगभग एक हजार से ज्यादा है। आलू व अन्य खेती करने वाले किसानों की परेशानी को समझने की जरूरत है। उसे स्टोरेज के अलावा इनकी फसल की खरीद के व्यापक प्रबंध होने चाहिए। इनके लिए एमएसपी बने। मगर सरकार इस पर अपना कोई पक्ष साफ नहीं कर रही है।

### कार्यक्रम में इन चेहरों की प्रमुखता से मौजूदगी

**करंट क्राइम।** कार्यक्रम का संचालन उत्तर प्रदेश योजना आयोग के पूर्व सदस्य प्रोफेसर सुधीर पंवार ने किया। इस मौके पर संसद सदस्य हरेन्द्र सिंह मलिक, सांसद इकरा हसन, प्रदेश प्रवक्ता राजकुमार भाटी, प्रदेश प्रवक्ता अनुराग भदौरिया, एमएलसी अशु मलिक, पूर्व एमएलसी अभिषेक मिश्र, पूर्व एमएलसी जितेन्द्र यादव, दैनिक करंट क्राइम के संपादक मनोज गुप्ता, समाचार संपादक दीपक भाटी, वरिष्ठ संवाददाता गौरव शशि नारायण सहित कई प्रमुख चेहरे मौजूद रहे। कार्यक्रम का समन्वय और अतिथियों का स्वागत सांसद डॉ राजीव राय ने किया। सम्पूर्ण कार्यक्रम का संयोजन आईआईएम अहमदाबाद के प्रोफेसर एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व कौशल विकास मंत्री अभिषेक मिश्रा द्वारा किया गया।

### सबसे पहले लिया गया रामअवतार जिंदल का नाम

**करंट क्राइम।** सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष का संबोधन हो और उनके मुख से ऐसा कोई समर्थक नहीं होगा जो अपना नाम ना सुनना चाहे। हालांकि इस कार्यक्रम में समर्थकों के अलावा पत्रकारों एवं बुद्धिजीवियों को भी बुलाया गया था। शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े चेहरे भी इसमें शामिल थे। जिंदल पब्लिक स्कूल के निदेशक एवं सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामअवतार जिंदल भी कार्यक्रम में प्रमुखता से मौजूद थे। वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से अखिलेश यादव ने कार्यक्रम में आये पांच प्रमुख डेलीगेट्स के नाम पढ़े। जिनमें सबसे पहला संबोधन उन्होंने रामअवतार जिंदल का किया। जिससे श्री जिंदल मौके पर ही काफी सुर्खियों में आ गये।

### गाजियाबाद से इन चेहरों ने दर्ज कराई अपनी उपस्थिति

**करंट क्राइम।** कार्यक्रम को काफी प्रोफेशनली सजाया गया था। गाजियाबाद से भी कई चेहरों को इसमें शामिल किया गया था। बैकडोर से कार्यक्रम की व्यवस्था संभाल रहे सपा नेता विपिन त्यागी, पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री राम किशोर अग्रवाल, श्रवण त्यागी के अलावा पार्टी के जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन, महानगर अध्यक्ष विरेन्द्र यादव एडवोकेट हैलीपेड पर मौजूद थे। कार्यक्रम में वरिष्ठ सपा नेता सिकंदर यादव, अमन यादव, प्रमुख व्यवसायी संदीप मोदी, जिला महासचिव राजन कश्यप, सिकंदाबाद सीट से दावेदार राहुल यादव, सपा के युवा नेता यश यादव, राजदेवी चौधरी, मनीषा त्यागी, मनोज पंडित, विकास यादव, राहुल रावत प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## विजन इंडिया शिखर सम्मेलन में पहुंचे राजनीति, खेती और पत्रकारिता के दिग्गज

























# सीएम ममता ने अमित शाह को भाषा पर घेरा

## TMC ने पीएम मोदी को रू.5 वाली मां कैंटीन में आने का न्योता दिया



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अमित शाह के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। उन्होंने शाह पर 'हिंसक बयान' देने का आरोप लगाते हुए कटघरे में खड़ा किया। दूसरी तरफ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पांच रुपये वाली 'मां कैंटीन' में भोजन करने का न्योता दिया है। भाजपा और तृणमूल के बीच क्या बयानबाजी हुई? जानिए इस खबर में

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान 29 अप्रैल को होना है। इससे पहले राजनीतिक तापमान बढ़ रहा है। शनिवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के 'हिंसक बयानों' पर कानूनी मामला दर्ज करने की बात कही। उन्होंने कहा कि एक गृह मंत्री ऐसे बयान नहीं दे सकते। सीएम ममता ने हुगली में एक जनसभा को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने शाह की 'उल्टा लटकाने' वाली चेतावनी पर निशाना साधा।

सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि भाजपा का 'जबरदस्ती वाला रवैया' बंगाल के मतदाताओं को पसंद नहीं आएगा। उन्होंने शाह की भाषा पर सवाल उठाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव के बाद लोगों को उल्टा लटकाने की बात अस्वीकार्य है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस मानसिकता से बंगाल कभी नहीं जीता जा सकता।

मुख्यमंत्री के बयान से इतर बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'मां कैंटीन' में पांच रुपये वाला भोजन करने का न्योता भी दिया। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री चुनाव प्रचार के लिए पश्चिम बंगाल के दौरे पर हैं। टीएमसी ने उनसे राज्य की जमीनी हकीकत देखने का आग्रह किया। टीएमसी प्रवक्ता कुणाल घोष ने शनिवार को एक प्रेस वार्ता के दौरान कहा, पीएम मोदी जब भी घुसपैठ की बात करते हैं, तो वह अनजाने में अपने सहयोगी और देश के गृह मंत्री अमित शाह की आलोचना करते हैं। शाह की जिम्मेदारियों में सीमा सुरक्षा भी शामिल है।

बकौल कुणाल घोष, प्रधानमंत्री को ममता बनर्जी सरकार के तहत राज्य की जमीनी हकीकत का अनुभव करना चाहिए। उन्होंने कहा, पीएम मोदी ने हाल ही में झाड़ग्राम में एक बिहारी दुकानदार से से झालमुड़ी खाई थी। इस विक्रेता की मदद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी नीत सरकार ने की। प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को हुगली नदी में नौका विहार का आनंद लिया, क्योंकि वहां का पानी साफ है। घोष ने कहा कि दिल्ली की यमुना नदी में ऐसा अवसर नहीं मिल सकता था, क्योंकि वहां का पानी बहुत प्रदूषित है।

### क्या है मां कैंटीन योजना

'मां कैंटीन' योजना पश्चिम बंगाल सरकार की एक पहल है। इसे मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 2021 में शुरू किया था। इसके तहत पांच रुपये प्रति प्लेट में पका हुआ रियायती भोजन मुहैया कराया जाता है। राज्य भर में सैकड़ों 'मां कैंटीन' चलाई जा रही हैं। इनका लक्ष्य दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों, गरीबों और वंचितों को भोजन उपलब्ध कराना है।

### गृह मंत्री शाह की चेतावनी

शुक्रवार को अमित शाह ने टीएमसी के कथित 'गुंडों' के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी थी। आरामबाग में एक जनसभा में शाह ने यह बयान दिया। उन्होंने कहा कि यदि 29 अप्रैल को आरामबाग के लोगों को परेशान किया गया, तो 5 मई के बाद निर्णायक कार्रवाई होगी। शाह ने 'दीदी के गुंडों' को 29 अप्रैल को घरों से बाहर न निकलने की चेतावनी दी।

### दूसरे चरण का मतदान और नतीजों की घोषणा कब

विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान गुरुवार शाम 6 बजे समाप्त हुआ। भारत निर्वाचन आयोग के अनुसार, पश्चिम बंगाल में 92.88 फीसदी मतदान दर्ज किया गया। यह उच्च मतदान सक्रिय चुनावी प्रक्रिया को दर्शाता है। दूसरे चरण का मतदान 29 अप्रैल को होगा, जबकि वोटों की गिनती 4 मई को निर्धारित है। अमित शाह ने शुक्रवार को पहले चरण के रिकॉर्ड मतदान के लिए मतदाताओं को बधाई दी और निर्वाचन आयोग व सुरक्षा बलों की प्रशंसा की।

# अमरावती में ममता शर्मसार: नाबालिग बेटी पर सौतेले पिता और मां का जुल्म, सिर मुंडवाकर बेल्ट से पीटा



**अमरावती।** अमरावती के वरुड में एक नाबालिग लड़की के साथ बेल्ट से मारपीट करने और सिर मुंडवाने का मामला सामने आया है। आरोपी उसकी मां और सौतेले पिता को ही बताया गया है। पुलिस ने अब दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और पीड़िता को चाइल्ड प्रोटेक्शन होम भेज दिया है।

अमरावती जिले के वरुड इलाके से एक रूह कंपकपा देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक 16 वर्षीय नाबालिग लड़की को अपनी ही मां और सौतेले पिता की हैवानियत का शिकार होना पड़ा। महज शक की बुनियाद पर माता-पिता ने अपनी ही बेटी के साथ वो सलूक किया, जिसे सुनकर मानवीय संवेदनाएं सुन्न पड़ जाए। हालांकि, अब पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

क्रूरता की सारी हदें पार

यह मामला वरुड के मिर्ची प्लॉट इलाके का है। पुलिस के अनुसार, पीड़िता के माता-पिता लंबे समय से उस पर शक कर रहे थे। इसी शक के चलते घर के भीतर ही उसे कैद जैसी स्थिति में रखा गया। इतना ही नहीं, बार-बार जान से मारने की धमकियां दी गईं। 21 अप्रैल 2026 को इस उत्पीड़न ने हिंसक रूप लिया। आरोपियों ने नाबालिग लड़की को बेल्ट से बुरी तरह पीटा, जिससे उसके शरीर पर गहरे जख्म बन गए। जुल्म यहीं नहीं रुका, उसकी आत्मसम्मान को चोट पहुंचाने के लिए आरोपियों ने इलेक्ट्रॉनिक ट्रिमर मशीन का इस्तेमाल कर उसके बाल पूरी तरह काट दिए।

**पुलिस और चाइल्ड वेलफेयर की दखल**

जब इस अमानवीय व्यवहार की जानकारी प्रशासन तक पहुंची, तो पुलिस विभाग और चाइल्ड वेलफेयर टीम ने बिना समय गंवाए संयुक्त ऑपरेशन चलाया। टीम ने मौके पर पहुंचकर पीड़िता को सुरक्षित बाहर निकाला। बुरी तरह डरी और सहमी हुई किशोरी को तुरंत अमरावती स्थित चाइल्ड प्रोटेक्शन होम भेजा गया। अब उसकी काउंसलिंग की जा रही है।

कड़ी कानूनी धाराओं में केस दर्ज

पीड़िता के बयान के आधार पर वरुड पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कानूनी शिकंजा कस दिया है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। इसके अतिरिक्त, बच्चों के अधिकारों के संरक्षण के लिए बने जुवेनाइल जस्टिस एक्ट की धारा 75 को भी इस मामले में जोड़ा गया है। मामले की जांच महिला सब-इंस्पेक्टर पूजा माली को सौंपी है। पुलिस ने पुष्टि की है कि दोनों आरोपियों को कल ही सलाखों के पीछे भेज दिया गया है।

# पीएम मोदी से मिले नीति आयोग के नए उपाध्यक्ष अशोक लाहिड़ी

**नई दिल्ली।** हाल ही में केंद्र सरकार ने नीति आयोग का पुनर्गठन किया है और नई टीम को जिम्मेदारी दी है। इसके बाद नीति आयोग के नए उपाध्यक्ष अशोक लाहिड़ी ने पीएम मोदी से मुलाकात की है। वहीं पश्चि बंगाल के प्रसिद्ध वैज्ञानिक और शिक्षाविद गोबर्धन दास को भी नीति आयोग का सदस्य बनाया गया है। नीति आयोग के नए उपाध्यक्ष डॉ. अशोक लाहिड़ी ने पद संभालने के ठीक एक दिन बाद शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। यह उनकी नई जिम्मेदारी में पहली आधिकारिक बैठक थी, जिससे साफ संकेत मिलता है कि सरकार नीति आयोग के कामकाज को लेकर सक्रिय रूप से आगे बढ़ रही है। पीएम मोदी से मुलाकात के बाद अशोक लाहिड़ी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इसकी जानकारी साझा की। उन्होंने लिखा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। यह मुलाकात ऐसे समय पर हुई है जब हाल ही में केंद्र सरकार ने नीति आयोग का पुनर्गठन किया है।

# बिना तैयारी शुरू हुआ सफदरजंग स्टेशन

## अव्यवस्था चरम पर, रेलवे की लापरवाही से यात्री परेशान

**नई दिल्ली।** रेल राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने स्वीकार किया, स्टेशन पर डिस्प्ले बोर्ड और प्लेटफार्म पर ट्रेन के कोच सम्बंधित जानकारी देने वाले डिस्प्ले नही लगे है। इससे यात्रियों को दिक्कत हो रही है।

राजधानी दिल्ली के सफदरजंग रेलवे स्टेशन इन दिनों अव्यवस्था और बदइंतजामी का उदाहरण बन गया है। रेलवे ने बिना किसी ठोस तैयारी के स्टेशन को शुरू कर दिया है। जिसका खामियाजा यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है। स्टेशन पर हालात ऐसे हैं कि प्लेटफॉर्म पर ट्रेनों के कोच सम्बधी जानकारी देने वाले डिस्प्ले बोर्ड तक नहीं लगाए गए हैं। ट्रेन कब आएगी, किस प्लेटफॉर्म पर आएगी इसकी जानकारी के लिए यात्री इधर उधर भटकते नजर आ रहे हैं। को कई यात्रियों ने बताया कि उन्हें ट्रेन पकड़ने के लिए आखिरी समय तक असमंजस में रहना पड़ता है।

शनिवार शाम को रेलवे स्टेशन की इस बदइंतजामी को खुद रेल राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने भी करीब से देखा। वह इसी स्टेशन से एक शहर के लिए यात्रा करने पहुंचे थे। डिजिटल ने उन्हें मौके पर यात्रियों की परेशानियों से अवगत कराया। रवनीत सिंह बिट्टू ने स्वीकार किया, स्टेशन पर डिस्प्ले बोर्ड और प्लेटफार्म पर ट्रेन के कोच सम्बंधित जानकारी देने वाले डिस्प्ले नही लगे है। इससे यात्रियों को दिक्कत हो रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जल्द ही इस स्टेशन से सम्बंधित सभी कमियों को दूर किया जाएगा ताकि यात्रियों को परेशानी न हो।



गर्मी में परेशान हो रहे यात्री

स्टेशन पर एक तरफ निर्माण कार्य जारी है। इससे प्लेटफॉर्म नंबर एक में धूल और अवरोध के चलते यात्रियों को दिक्कतें होती है। दिल्ली के रहने वाले यात्री सुप्रीत ने को बताया कि, बिना तैयारी स्टेशन शुरू करना सीधे तौर पर रेलवे की गंभीर लापरवाही है। कई लोग ट्रेन छूटने के डर से प्लेटफॉर्म पर भागते नजर आते हैं, क्योंकि उन्हें सही जानकारी समय पर नहीं मिलती। यात्री राहुल का कहना है, इस स्टेशन के पूछताछ केंद्र पर भी कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिल रहा।

एक अन्य महिला यात्री रेखा ने से कहा, प्लेटफार्म पर कोच की जगह आएगा इसका कोई भी डिसप्ले बोर्ड तक नहीं लगाए गए है। वही वेटिंग एरिया में भी बैठने की जगह नहीं है। साथ ही इतनी गर्मी में पीने के पानी की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है। इसी अव्यवस्था के बीच इंदौर-दिल्ली त्रि-साप्ताहिक एक्सप्रेस के समय, रूट और स्टेशन में बदलाव ने यात्रियों की परेशानी को और बढ़ा दिया है।

# बंगाल चुनाव: रैली में राजनाथ बोले- परिवर्तन होना तय

## राहुल ने कहा- मोदी सरकार ने सीएम ममता के खिलाफ नहीं किए केस

**दक्षिण 24 परगना / हुगली ।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए सभी राजनीतिक दलों की तरफ से जोर-शोर से प्रचार किया जा रहा है। इस कड़ी में आज रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राज्य के दक्षिण 24 परगना जिले में जनसभा को संबोधित किया है। वहीं, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हुगली में जनसंवाद किया है। इस दौरान दोनों नेताओं ने विपक्षी दलों पर निशाना साधा है।

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को विश्वास जताया कि भाजपा पश्चिम बंगाल में पहले चरण के मतदान में दो-तिहाई से अधिक सीटें जीतेगी। उन्होंने कहा कि राज्य में परिवर्तन न केवल संभव है, बल्कि निश्चित है। राजनाथ सिंह ने कहा कि पहले चरण में लगभग 93 फीसदी मतदान से स्पष्ट है कि तृणमूल कांग्रेस सरकार सत्ता से बाहर हो रही है। उन्होंने महिला सुरक्षा के मुद्दे पर कहा कि भाजपा या एनडीए सरकार ही इसकी गारंटी दे सकती है।



### कांग्रेस बनाम भाजपा और टीएमसी

राहुल गांधी ने दावा किया कि केवल कांग्रेस पार्टी ही भाजपा और आरएसएस की विचारधारा से वैचारिक आधार पर लड़ती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी केवल चुनाव के दौरान ममता बनर्जी पर हमला करते हैं। गांधी ने आरोप लगाया कि टीएमसी कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर वही अत्याचार करती है जो भाजपा देश के अन्य हिस्सों में करती है। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी बंगाल में भाजपा के लिए रास्ता खोल रही हैं।

### 'मोदी सरकार ने ममता के खिलाफ नहीं किए केस'

वहीं हुगली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने उन पर कई मामले दर्ज किए हैं, लेकिन ममता बनर्जी पर नहीं। उन्होंने दावा किया कि ऐसा इसलिए है क्योंकि ममता बनर्जी भाजपा से सीधे नहीं लड़ती हैं। गांधी ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय ने उनसे 55 घंटे पूछताछ की, जबकि ममता बनर्जी से कोई पूछताछ नहीं हुई।

**भाजपा का विश्वास और टीएमसी पर हमला**

राजनाथ सिंह ने कहा कि 2011 में 84 फीसदी मतदान पर वाम सरकार हटी थी, इस बार 93 फीसदी मतदान टीएमसी सरकार के जाने का संकेत है। उन्होंने ममता बनर्जी की टिप्पणियों को निराशाजनक बताया। पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने भी ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस पर भ्रष्टाचार तथा तुष्टीकरण की राजनीति का आरोप लगाया। राज्य में 23 अप्रैल को 152 सीटों पर पहले चरण का मतदान हुआ था, जिसकी मतगणना 4 मई को होगी।

राहुल गांधी के केंद्र पर आरोप

राहुल गांधी ने कहा कि उनके खिलाफ 36 मामले दर्ज हैं, उनकी लोकसभा सदस्यता छीनी गई और उन्हें कई राज्यों में यात्रा करनी पड़ती है। उन्होंने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में उद्योग नष्ट किए और बेरोजगारी बढ़ाई। गांधी ने सारदा और रोज वैली जैसे हजारों करोड़ रुपये के घोटालों का भी जिक्र किया। उन्होंने कोयला तस्करी, अवैध खनन और गुंडा कर जैसे मुद्दों पर भी टीएमसी सरकार को घेरा।

# 'सत्ता से बाहर होंगी ममता, पहले चरण में भाजपा जीतेगी 110 सीटें', पूर्व वर्धमान में गरजे शाह

**पूर्व वर्धमान।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल के पूर्व वर्धमान में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, 'पहले चरण में भाजपा 110 सीटें जीतकर दीदी को धूल चटा देगी... मैं आपसे वादा करता हूं, 4 मई को हम प्रधानमं नरेंद्र मोदी को बर्धमान का पारंपरिक सीता भोग चढ़ाकर उनकी जीत का जश्न मनाएंगे।'

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल के पूर्व वर्धमान में एक जनसभा में सत्ताधारी दल टीएमसी और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर करारा हमला बोला है। अमित शाह ने चुनावी रैली में कहा- पहले चरण के मतदान में ही भाजपा 110 सीटें जीतेगी; ममता बनर्जी सत्ता से बाहर हो जाएंगी। उन्होंने आगे कहा कि टीएमसी ने सीएए लागू करने से इनकार कर दिया है और बंगाल में भाजपा को सत्ता में लाने का वादा किया है ताकि मतुआ समुदाय के सभी लोगों को नागरिकता मिल सके।



इस दौरान अमित शाह ने कहा कि पूरे बंगाल में घूमता-घूमता आज मैं जमालपुर में आया हूं। उन्होंने आगे कहा, 'ममता सरकार में 15 साल में सबसे ज्यादा संत्रास अगर किसी पर हुआ है तो माताओं-बहनों पर हुआ है। आरजी कर, संदेशखाली, कोलकाता लॉ कॉलेज, दुर्गा लॉ कॉलेज... हर जगह पर माताओं-बहनों के साथ अत्याचार हुआ। और ये दीदी कहती हैं कि माताएं-बहनें सात बजे के बाद घर के बाहर न निकलें, लेकिन मैं बताकर जाता हूं कि 5 तारीख के बाद छोटी बच्ची भी रात को एक बजे निकलेगी और कोई गुंडा आंख उठाकर भी नहीं देख पाएगा।

**'मतुआ समुदाय के लोगों को अब डर में जीने की जरूरत नहीं'**

गृह मंत्री ने इस दौरान कहा कि मतुआ समुदाय के लोगों को अब डर में जीने की जरूरत नहीं है। ये दीदी सीएए कानून को लागू नहीं करती है। आप कमल फूल की सरकार बना दो, 5 तारीख के बाद सभी मतुआ समाज के भाईयों-बहनों को नागरिकता देने का काम भाजपा की सरकार करेगी।

# मणिपुर में भारी बवाल: शांति की मांग लेकर सीएम आवास घेरने निकले हजारों लोग

**मणिपुर।** मणिपुर में हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। शनिवार को प्रदेश की राजधानी इंफाल में स्थायी शांति की मांग को लेकर मुख्यमंत्री आवास की ओर कूच कर रहे हजारों प्रदर्शनकारियों की पुलिस के साथ झड़प हुई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षा बलों को आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। यह विरोध प्रदर्शन मैतेई संगठन कोऑर्डिनेटिंग कमेटी ऑन मणिपुर इंटीग्रिटी के बैनर तले आयोजित किया गया था।



### सुरक्षा बलों के साथ आमना-सामना

मणिपुर की अखंडता के लिए काम करने वाली सीओसीओएमआई के आह्वान पर हजारों की संख्या में लोग सड़कों पर उतरे। ये प्रदर्शनकारी शहर के विभिन्न हिस्सों से चार अलग-अलग रैलियों के रूप में मुख्यमंत्री आवास की ओर बढ़ रहे थे। हालांकि, पुलिस और अतिरिक्त सुरक्षा बलों ने पहले ही बाबूपाड़ा स्थित मुख्यमंत्री आवास के चारों ओर सुरक्षा का कड़ा पहरा लगा रखा था। केसामपत जंक्शन, कांगला गेट, कोनुंग ममांग और मोइरांगखोंग जैसे प्रमुख स्थानों पर भारी बैरिकेडिंग की गई थी। अधिकारियों के अनुसार, जब भीड़ ने इंफाल पूर्वी जिले के खुरई लामलोंग इलाके में बैरिकेड्स तोड़कर आगे बढ़ने की कोशिश की, तो पुलिस ने उन्हें रोकने के लिए आंसू गैस के गोले दागे। यह इलाका मुख्यमंत्री आवास से महज दो किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

**क्या हैं प्रदर्शनकारियों की मांगें?**

प्रदर्शन में शामिल लोग हाथों में तख्तियां और बैनर लिए हुए थे। उनकी प्रमुख मांगों में बिष्णुपुर जिले में हाल ही में हुए बम विस्फोट में मारे गए दो मासूम बच्चों के लिए न्याय की मांग शामिल थी। इसके अलावा, आंदोलनकारी मांग कर रहे हैं कि जातीय संघर्ष के कारण विस्थापित हुए हजारों लोगों का तत्काल पुनर्वास किया जाए। प्रदर्शनकारियों ने सरकार पर आरोप लगाया कि 3 मई, 2023 से शुरू हुए संकट के बावजूद अभी तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है।

सीओसीओएमआई के प्रवक्ता नहकपम शांता सिंह ने बताया कि उन्होंने 7 अप्रैल को ट्रोंगलाओबी में हुए बम विस्फोट की कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है। गौरतलब है कि 3 मई, 2023 से इंफाल घाटी के मैतेई और पहाड़ी इलाकों के कुकी समुदाय के बीच शुरू हुई जातीय हिंसा में अब तक 260 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है और हजारों लोग बेघर हो चुके हैं।

### मुख्यमंत्री से मुलाकात

काफी हंगामे और झड़पों के बाद आंदोलनकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल को मुख्यमंत्री वाई खेमचंद सिंह से मिलने की अनुमति दी गई। मुलाकात के बाद सीओसीओएमआई के संयोजक वाई के धीरेन ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंप दिया है। धीरेन ने आरोप लगाया कि राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी और अलग-अलग नैरेटिव के कारण शांति प्रयासों में बाधा आ रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं की, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# सांसदों ने छोड़ा आप : भाजपा पर हमलावर विपक्ष, कांग्रेस बोली- वॉशिंग मशीन फिर चालू, राउत ने बकासुर से की तुलना

**नई दिल्ली।** आप से सात सांसदों के भाजपा में जाने के एलान के बाद से राजनीतिक माहौल गरम है। एक तरफ भाजपा पर आरोप लग रहे हैं कि वह जांच एजेंसियों का इस्तेमाल कर नेताओं को अपने पक्ष में ला रही है, वहीं भाजपा का कहना है कि अन्य दलों के नेता खुद उनकी नीतियों और नेतृत्व से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हो रहे हैं।

आम आदमी पार्टी (आप) के सात राज्यसभा सांसदों के अचानक भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने के बाद देश की राजनीति में तीखी बयानबाजी शुरू हो गई है। विपक्षी दलों ने इस घटनाक्रम को लेकर भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए हैं और इसे लोकतंत्र के लिए चिंताजनक बताया है। दरअसल, शुक्रवार को आप को बड़ा झटका लगा जब उसके सात राज्यसभा सांसद; राघव चड्ढा, अशोक मित्तल, संदीप पाठक, हरभजन सिंह, राजिंदर गुप्ता, विक्रम साहनी और स्वाति मालीवाल, ने पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल होने का एलान किया। इन नेताओं का आरोप है कि अरविंद केजरीवाल की अगुवाई वाली पार्टी अपने मूल सिद्धांतों और मूल्यों से भटक गई है।



### 'भाजपा की वॉशिंग मशीन फिर चालू हो गई'

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि 'भाजपा की वॉशिंग मशीन फिर चालू हो गई है, जिसमें 'मोदी वॉशिंग पाउडर' डाला जाता है।' उनका कहना है कि जिन नेताओं पर पहले जांच एजेंसियों के मामले चलते हैं, वे भाजपा में शामिल होते ही साफ-सुथरे हो जाते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जो लोग खुद को ईमानदारी और सिद्धांतों का प्रतीक बताते थे, वे अब पूरी तरह बेनकाब हो चुके हैं।

'भाजपा की भूख कभी खत्म नहीं होती'

इस मुद्दे पर शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने भी भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने भाजपा की तुलना महाभारत के राक्षस 'बकासुर' से करते हुए कहा कि उसकी भूख कभी खत्म नहीं होती।' संजय राउत ने आरोप लगाया कि दूसरे दलों के नेताओं को डर और दबाव में भाजपा में शामिल किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा अब 'डंपिंग ग्राउंड' बनती जा रही है, जहां दूसरे दलों के नेता इकट्ठा हो रहे हैं।

**भाजपा में गए राज्यसभा सांसद पंचायत चुनाव भी नहीं जीत सकते- उमर**

उधर, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने आम आदमी पार्टी (आप) छोड़कर भाजपा में शामिल हुए राज्यसभा सांसदों पर तंज कसते हुए कहा कि ये सांसद अपने दम पर एक भी पंचायत चुनाव नहीं जीत सकते। सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि अगर इन लोगों ने पार्टी छोड़ दी है तो ठीक है, लेकिन मुझे नहीं लगता कि इससे आम आदमी पार्टी को तुरंत कोई बड़ा नुकसान होगा। थोड़ा नुकसान होने की उम्मीद जरूर है। उन्होंने कहा कि सात राज्यसभा सांसद भाजपा में चले गए हैं, लेकिन इनमें से कोई भी अकेले अपने दम पर एक भी सीट जीतने के काबिल नहीं है। मुझे नहीं लगता कि इनके भाजपा में आने से जमीनी स्तर पर भाजपा को 10 वोट का भी फायदा होगा। उन्होंने कहा कि इन सांसदों में कोई भी ऐसा नहीं है कि जो पंचायत चुनाव भी अपने दम पर निकालने की क्षमता रखता है।

### भाजपा नेताओं ने किया विपक्षियों पर पलटवार

इस घटनाक्रम पर भाजपा नेताओं ने आम आदमी पार्टी पर तीखे हमले किए हैं। केंद्रीय राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल ने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी आजादी के बाद सबसे कम समय में भ्रष्टाचार के मामलों में सबसे अधिक लिप्त रहने वाली पार्टी बन गई है। भाजपा सांसद कमलजीत सहरावत ने कहा कि 2013-14 के आसपास बनी आम आदमी पार्टी के कई संस्थापक सदस्य और कार्यकर्ता समय-समय पर पार्टी छोड़ते रहे हैं। उन्होंने पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व पर सवाल उठाते हुए कहा कि उनकी कार्यशैली से असंतोष बढ़ा है।

### केजरीवाल के रवैये से अअढ का भविष्य संकट में: संदीप दीक्षित

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता संदीप दीक्षित ने आम आदमी पार्टी के भविष्य पर सवाल उठाते हुए कहा है कि अगर अरविंद केजरीवाल की हरकतें इसी तरह जारी रहीं तो पार्टी लंबे समय तक नहीं टिकेगी। संदीप दीक्षित ने राघव चड्ढा समेत सात राज्यसभा सदस्यों के आप छोड़कर भाजपा में शामिल होने पर कहा कि कोई बहुत आश्चर्य की बात नहीं है। राघव चड्ढा तो कुछ दिनों से ही उल्टी भाषा बोल रहे थे और शायद महत्वाकांक्षी भी हो गए थे। पंजाब में केजरीवाल और राघव चड्ढा के बीच मनमुटाव की खबरें आई थीं। शुरू में पंजाब में आप की जीत के बाद बैंक कलेक्शन का जिम्मा राघव चड्ढा को सौंपा गया था, लेकिन बाद में केजरीवाल ने खुद यह काम संभाल लिया, जिससे दोनों के बीच तनाव बढ़ा।

## कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलें

# खरगे बोले-डीके का दिल्ली दौरा महज प्रशासनिक, मई क्रांति सिर्फ अफवाह

**नई दिल्ली।** कर्नाटक में एक बार फिर नेतृत्व परिवर्तन की चर्चा तेज है। इस बीच उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के अचानक हुए दिल्ली दौरे को लेकर बयानबाजी शुरू हो गई है। हालांकि, अब कैबिनेट मंत्री प्रियांक खरगे ने सरकार और पार्टी का रुख स्पष्ट किया है। ग्रामीण विकास मंत्री प्रियांक खरगे ने उन तमाम अटकलों को खारिज कर दिया, जिनमें नेतृत्व परिवर्तन की बात कही जा रही थी।

**मुलाकात पर विवाद का कोई आधार नहीं: खरगे**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के पुत्र प्रियांक खरगे ने उपमुख्यमंत्री शिवकुमार की रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ हुई मुलाकात का पुरजोर बचाव किया। उन्होंने कहा कि एक उपमुख्यमंत्री का केंद्रीय मंत्री से मिलना पूरी तरह संवैधानिक और प्रशासनिक प्रक्रिया का हिस्सा है। उन्होंने पूछा, 'क्या एक उपमुख्यमंत्री को केंद्रीय मंत्रियों से मिलने का अधिकार नहीं है? वह बंगलूरू की लंबित विकास योजनाओं और राज्य के हितों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करने दिल्ली गए थे।' खरगे ने कहा कि जब आम कार्यकर्ता भी बड़े नेताओं से मुलाकात करते हैं, तो एक वरिष्ठ संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति की मुलाकात को विवाद का रूप देना समझ से परे है।



**भाजपा पर तीखा पलटवार**

प्रियांक खरगे ने कहा कि भाजपा हर बात में विवाद ढूंढने की कोशिश करती है। उन्होंने एक काउंटर-सवाल करते हुए पूछा कि यदि कांग्रेस का कोई नेता आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत से मुलाकात करता है, तो क्या भाजपा इसी तरह के सवाल खड़े करेगी।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली | रविवार 26 अप्रैल -2026 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम ट्वीट का करंट

Udeeta Tyagi Ji
7h ·
महाकाली वाहिनी विस्तार

हापुड़

जय महाकाली 🙏🙏🙏

#महाकालीवाहिनी
#DrUditaTyagi



# लखनऊ में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और संगठन महामंत्री ने ली प्रशिक्षण वर्ग शिविर की कार्यशाला

## मई का महीना रहेगा प्रशिक्षण शिविर के नाम और सभी को अनिवार्य रूप से करना है रात्रि प्रवास



**- प्रशिक्षण वर्ग शिविर में जिला और मंडल प्रभारी की जिम्मेदारी वरिष्ठ नेताओं को सौंपी जाएगी।**

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा चुनावी रण के लिये अब रैपिड़ तैयारी में जुट गई है। वो अब अपने ट्रेनिंग कैंप को लेकर जीरो टोलरेंस मूड में है। दायित्वों को लेकर स्पष्ट निर्देश हैं और चुनावी रण के लिये विधायकों से लेकर मंडल अध्यक्षों को ये स्पष्ट कर दिया गया है कि आयाम का मतलब आयाम है और सबको काम करना होगा। लखनऊ वाली बैठक में संगठन के तेवर भी दिखाई दिये। बैठक में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सहित प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे। ये बैठक प्रशिक्षण मर्ग शिविर को लेर बुलाई गई थी। इस बैठक में ये स्पष्ट किया गया कि प्रभारी से लेकर अन्य पदाधिकारी प्रशिक्षण वर्ग शिविर में रात्रि प्रवास जरूर करेंगे।

बीते दिनों जो वर्ग प्रशिक्षण शिविर हुए थे उनमें कई स्थानों पर ये रिपोर्ट की रात्रि प्रवास के नाम पर नेता नहीं रुकते हैं। लिहाजा इस बैठक में ये स्पष्ट कर दिया गया कि सभी को रुकना है। इसके अलावा लखनऊ वाली बैठक में कई अन्य दिशा-निर्देश दिये गये। रणनीति तय की गई और ये कहा गया कि अब मई के महीने में कार्यक्रमों का और अधिक विस्तार होगा।

### पहले सात विषयों पर था चिंतन अब 11 विषयों पर होगा मंथन

**करंट क्राइम।** प्रशिक्षण वर्ग शिविर में पहले सात विषय रखे गए थे। जिसमें आईटी, सोशल मीडिया से लेकर कार्यपद्धति जैसे थे। अब इसमें चार विषय और बढ़ाए गए है। अब 11 विषयों पर चिंतन-मंथन विचार-विमर्श होगा।

### एक मई से 30 मई तक आयोजित किये जाएंगे वर्ग प्रशिक्षण शिविर

**करंट क्राइम।** लखनऊ वाली बैठक में एक मई, दो मई और तीन मई को जिले के कार्यक्रमों के लिये तय किया गया। इस बैठक में तय किया गया कि एक मई से लेकर 30 मई तक वर्ग प्रशिक्षण शिविर आयोजित किये जाएंगे। इस बैठक में ये भी निर्देशित किया गया कि पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को कार्यकर्ता समझे, मंडल और जिले को लेकर भी बताया गया कि शिविर से जुड़े सभी दायित्वों को लेकर 30 दिन के भीतर घोषणा होगी।

### सभी विधानसभाओं में बनाए जाएंगे विस्तारक

**करंट क्राइम।** लखनऊ वाली बैठक में ये तय हुआ कि अभी मंडलों का वर्ग प्रशिक्षण शिविर चल रहा था और अब सभी जिलों का वर्ग प्रशिक्षण शिविर चलेगा। इसके अलावा सभी विधानसभाओं में अब विस्तारक नियुक्त किये जाएंगे। इसके अलावा विधानसभा में प्रभारी बनाए जाएंगे। विधानसभा में जिन्हें प्रभारी बनाया जाएगा उसके लिये ये निर्देशित किया गया है कि पूर्व जिलाध्यक्ष को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके अलावा सभी मंडलों में जो प्रभारी बनाए जाएंगे वो वरिष्ठ नेता होंगे। वो पदाधिकारी होने चाहिए। प्रशिक्षण वर्ग शिविर में जिला और मंडल प्रभारी की जिम्मेदारी वरिष्ठ नेताओं को सौंपी जाएगी।

### सभी के लिये रात्रि प्रवास अनिवार्य


**करंट क्राइम।** लखनऊ में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और संगठन महामंत्री कार्यकताओं की कार्यशाली ले रहे थे। सबको बताया जा रहा था कि चुनावी रणनीति के लिये किस तरह से काम करना है। संगठन की क्या भूमिका रहेगी और विधानसभा के विस्तारकों से लेकर मंडल स्तर पर प्रभारी काम करेंगे। यहां पर एक बात सभी को स्पष्ट की गई कि जिनकी भी ड्यूटी वर्ग प्रशिक्षण शिविर में लगाई जाएगी उन सभी के लिये प्रशिक्षण शिविर में रात्रि प्रवास अनिवार्य है। सभी पदाधिकारियों को शिविर में रुकना है।

### बंगाल चुनाव के बाद होगी प्रदेश कमेटी की घोषणा

**करंट क्राइम।** लखनऊ वाली बैठक में प्रदेश अध्यक्ष और संगठन महामंत्री ने वर्ग प्रशिक्षण शिविर को लेकर कार्यशाला ली। सभी पदाधिकारियों को निर्देशित किया। कार्यक्रमों की रूपरेखा बताई। इस बैठक में जो एक बार निकलकर सामने आई वो ये है कि प्रदेश कमेटी और क्षेत्रीय अध्यक्ष की घोषणा के लिये अभी पश्चिम बंगाल के चुनाव नतीजों का इंतजार करना होगा। हालांकि इस बात पर बैठक में कोई औपचारिक जिक्र नहीं हुआ लेकिन सूत्र बताते हैं कि पश्चिम बंगाल के चुनाव के बाद ही प्रदेश कमेटी और क्षेत्रीय अध्यक्ष की घोषणा होगी। इसका मुख्य कारण यह बताया जा रहा है कि सभी प्रमुख चेहरे इस समय बंगाल चुनाव में व्यस्त है और चुनाव के बाद ये लिस्ट बड़े चेहरों के पास जाएगी, स्वीकृति की मुहर लगेगी और उसी के बाद प्रदेश कमेटी घोषित होगी।

# उस सियासी दफ्तर में होता है क्यों इतना घमासान

## संगठन वालों को बनाना चाहिए यहां हवन का एक प्रोग्राम





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** वैसे तो सियासत में हर दल में बल तोलने को लेकर कई बार विरोध-विवाद हो जाता है, लेकिन एक सियासी दल का दफ्तर ऐसा है जहां हर साल कुछ ना कुछ घमासान हो जाता है। अब कहने वाले ये कहने लगे हैं कि कुछ तो बात है कि यहां आकर क्यों इतना बीपी हाई हो जाता है। क्यों यहां लीडर आक्रामक हो जाते हैं, क्यों यहां नौबत हाथापाई तक आ जाती है। सलाह अब ये दी जा रही है कि महाभारत का मैदान बन चुके इस दफ्तर में शांति हवन हो जाना चाहिए। बताते हैं कि यहां महाभारत का सीन कई बार चुका है। अब दल वालों का कहना है कि ये पार्टी का दफ्तर है कोई जंग का मैदान नहीं है और अब किससे पुराने भी बताए जा रहे हैं। कहा ये जा रहा है कि अगर हाईकमान शब्दों के इस घमासान को गंभीर रूप से लेगा तो इसके इफेक्ट नजर आएंगे। ये एक पार्टी कार्यालय है और यहां कम से कम रूल वाला मामला दिखाई देना चाहिए। सवाल उठ रहे हैं कि आखिर इसी दफ्तर में ऐसा क्यों होता है और अब ये मांग उठने लगा है कि शब्दों की मयार्दा और पार्टी की साख को बट्टा लगाने वालों पर कार्यवाही हो जानी चाहिए। कार्यवाही ऐसी होनी चाहिए जो एक नजीर बने। किस्सा जब इस दफ्तर के विवाद को लेकर छिड़ा तो बताया गया कि यहां तो ये कॉमन सीन हो चुका है। एक पूर्व अध्यक्ष का साहिबाबाद से टिकट मांगने वाले कार्यकर्ता से विवाद हुआ था। एक गुर्जर नेता एक एक वैश्य नेता के बीच ढिशुम-ढिशुम वाला सीन हो गया था। एक पूर्व जनप्रतिनिधि और एक पूर्व अध्यक्ष के बीच हाथापाई होते-होते रह गई थी। दो युवा पंजाबी नेता यहां आपस में भिड़ गए थे और दोनों चेहरों को अब जाकर ऑक्सीजन मिली है। दो जाट चेहरों की हाथापाई हो गई थी। एक पूर्व अध्यक्ष से नदिया पार एक चेहरे ने अभद्रता कर दी थी और ताजा मामला दो महिला नेताओं की बदजुबानी का गूंज रहा है। अब इस दल के वरिष्ठ नेता भी ये कहने लगे हैं कि यहां एक हवन होना चाहिए और उस हवन में ऐसा मंत्रोच्चार हो कि यहां हर साल होने वाले घमासान का कोई उपचार हो जाए।

### फिर सामने आया इस दल का घमासान वाला फसाना

गर्मी का मौसम है और आग इस दफ्तर से निकलकर नदिया को पार करती हुई दल के नेताओं को जला रही है। किस्सा फिर से तू-तू, मैं-मैं वाला हो गया। बताते हैं कि हाथापाई होते-होते रह गई। किस्से का फसाना ऐसा है कि गुर्जर और ब्राह्मण के बीच ये जंग शुरु हुई। विचित्र बात ये हुई कि सत्र को लेकर ये जंग शुरू हुई। पंडित जी दो सत्र लेकर जा रहे थे तभी फसाना ये हुआ कि गुर्जर ने उन्हें टोक दिया। ये कहकर रोक दिया कि ऐसे कैसे चल दिये। अब यहां बात पार्टी से निकाले और निकलने पर आ गई और फिर शब्दों के शोले बढ़े और नौबत तू-तू-मैं-मैं पर आ गई। सत्र में अंदर बात-बात पर ताली बज रही थी उस सत्र में बाहर बात-बात पर गाली निकल रही थी। किसी तरह से गुर्जर और ब्राह्मण को अलग-अलग कराया गया। किस्सा इधर से उधर गूंजने लगा और फिर से ये मांग शुरू हो गई कि एक हवन तो करा लिया जाए।

# लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने किया बंगाल चुनाव में जीत का दावा

## कहा, इस बार टीएमसी नहीं डाल पायेगी फर्जी वोट



सांसद अतुल गर्ग ने झालमुड़ी को स्वादिष्ट डिश बताते हुए कहा कि इसमें सरसों का तेल, प्याज हरी मिर्च, और मूंगफली के दाने इसे और स्वादिष्ट बनाते हैं।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग इन दिनों पश्चिम बंगाल में डेरा डाले हुए है। केवल दो दिन के लिए दिल्ली लोकसभा सत्र में भाग लेने आये। सांसद अतुल गर्ग दस अप्रैल से पश्चिम बंगाल में ही है, वो लगातार चुनाव प्रचार कर रहे हैं। उन्हें जिला बैरक को उन्हें प्रचार की कमान दी गयी। सांसद अतुल गर्ग ने करंट क्राईम से बातचीत की। भाजपा यहां सरकार बनायेगी ये दावा किया। उन्होंने कहा कि एसआईआर अभियान के बाद लगभग 80 लाख वोट मतदाता सूचि से हटाये गये। ये ऐसे मतदाता हैं जो केवल वोटर लिस्ट पर हैं जिन्हें हर बार टीएमसी डलवाती आयी हैं। इस बार ये फर्जी वोट हटा दिये गये हैं और इस बार ईमानदारी से वोट पड़ेंगे। सांसद अतुल गर्ग ने भाजपा की जीत का दावा करते हुए कहा कि दस से 20 प्रतिशत वोट स्विंग करेगा। उन्होंने कहा कि मुझे पूरी उम्मीद है कि भाजपा की सरकार बनने जा रही है। सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि पश्चिम बंगाल में जीत की चाबी महिला मतदाताओं के हाथ में है। यहां महिला शक्ति तय करेगी कि जनादेश किसके पक्ष में आयेगा।

### कहीं गोल गप्पे तो कहीं झालमुड़ी से पेट भर रहे हैं सांसद

**सांसद अतुल गर्ग 10 अप्रैल से पश्चिम बंगाल में डेरा डाले हुए हैं।**

करंट क्राइम। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग भोजन के शौकीन हैं, उनकी मेहमान नवाजी मशहूर है और सबसे बड़ी बात ये है कि वो अपने शहर में हों या कहीं बाहर हों वहां के स्ट्रीट फूड का स्वाद लेना नही भूलते। सांसद अतुल गर्ग 10 अप्रैल से पश्चिम बंगाल में डेरा डाले हुए हैं। यहां के फूड कल्चर और उनकी भोजन दिनचर्या को लेकर जब करंट क्राइम ने पूछा तो उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार में काफी व्यस्त शैडयूल है। जहां तक भोजन की बात है तो कभी गोल गप्पे भी खाये जा रहे हैं। कहीं झालमुड़ी भी खायी हे और सुबह नाश्ता करके प्रचार पर जाते हैं। इसके बाद भोजन का समय अक्सर नहीं मिल पा रहा है। झालमुडी को उन्होंने स्वादिष्ट डिश बताते हुए कहा कि इसमें सरसों का तेल, प्याज हरी मिर्च, और मूंगफली के दाने इसे और स्वादिष्ट बनाते हैं।

# पुलिस कमिश्नरेट में 5 नए थाने खोलने की प्रक्रिया शुरू

## बदलेगी शहर की पुलिसिंग और कसेंगे अपराधियों के पेंच

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाज़ियाबाद में कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के लिए पुलिस कमिश्नरेट ने बड़ा कदम उठाया जा रहा है है। पुलिस के विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार तेजी से बढ़ती आबादी और शहर के विस्तार को देखते हुए पुलिस कमिश्नरेट ने पांच नए थाने खोलने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस फैसले से आने वाले समय में शहर की पुलिसिंग व्यवस्था में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, जिन क्षेत्रों में नए थाने प्रस्तावित हैं उनमें वृंदावन गार्डन, रावली, राजनगर एक्सटेंशन, हरनन्दी और गंगनहर शामिल हैं। ये सभी इलाके बीते कुछ वर्षों में तेजी से विकसित हुए हैं, जहां बड़ी संख्या में नई आवासीय सोसाइटियां, कॉलोनियां और व्यावसायिक गतिविधियां बढ़ी हैं। इसके चलते मौजूदा थानों पर कार्यभार लगातार बढ़ता जा रहा था। कमिश्नरेट स्तर पर इन नए थानों के लिए स्थान चिन्हित करने, भवन निर्माण, संसाधनों की व्यवस्था और पुलिस बल की तैनाती को लेकर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अधिकारियों का कहना है कि इन थानों को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा, ताकि बेहतर और प्रभावी पुलिसिंग सुनिश्चित की जा सके।

### पुलिस का रिस्पॉन्स टाइम होगा बेस्ट

करंट क्राइम : इन नए थानों के शुरू होने से संबंधित क्षेत्रों में पुलिस की प्रतिक्रिया समय (रिस्पॉन्स टाइम) में कमी आएगी और आम नागरिकों को अपने नजदीक ही थाना उपलब्ध हो सकेगा। इसके साथ ही क्षेत्र में गश्त और निगरानी मजबूत होगी, जिससे अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण में मदद मिलेगी। पुलिस अधिकारियों का मानना है कि गाज़ियाबाद जैसे तेजी से विकसित हो रहे शहर में क्षेत्रवार थानों का विस्तार समय की जरूरत है। नए थानों के बनने से न केवल मौजूदा थानों पर दबाव कम होगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर विवादों और घटनाओं का त्वरित निस्तारण भी संभव हो सकेगा। कुल मिलाकर, कमिश्नरेट द्वारा पाँच नए थाने खोलने की यह पहल गाज़ियाबाद की सुरक्षा व्यवस्था को नई मजबूती देने के साथ-साथ भविष्य की चुनौतियों से निपटने की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है।





### आदित्य वर्ल्ड सिटी में बनेगा हाईटेक साइबर थाना

करंट क्राइम : आदित्य वर्ल्ड सिटी इलाके में गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट साइबर अपराध से निपटने के लिए बड़ा कदम उठाने जा रहा है। यहां एक हाईटेक साइबर थाना बनाने की योजना है, जो बहुमंजिला (करीब तीन मंजिला) भवन में विकसित किया जाएगा। इस साइबर थाने में आधुनिक उपकरणों से लैस विशेष टीम तैनात की जाएगी, जिसमें साइबर एक्सपर्ट और प्रशिक्षित पुलिस अधिकारी शामिल होंगे। बढ़ते ऑनलाइन फ्रॉड और डिजिटल अपराधों को देखते हुए यह थाना अहम भूमिका निभाएगा। अधिकारियों का कहना है कि यहां बड़ी संख्या में साइबर क्राइम से जुड़े मामलों की मॉनिटरिंग और जांच एक ही छत के नीचे की जाएगी, जिससे कार्रवाई तेज और प्रभावी हो सके।

### राजनगर एक्सटेंशन में बनेगा पुलिस कमिश्नर मुख्यालय


**करंट क्राइम :** राजनगर एक्सटेंशन के नूरनगर क्षेत्र में पुलिस कमिश्नरेट का अत्याधुनिक मुख्यालय बनाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। करीब 55 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस प्रोजेक्ट के लिए जमीन की नपाई पूरी हो चुकी है और अब चारदीवारी का निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया गया है। अधिकारियों के मुताबिक, इस भवन के निर्माण के लिए लगभग तीन साल की समयसीमा तय की गई है। यह मुख्यालय पांच मंजिला होगा, जिसमें पुलिस कमिश्नर समेत सभी वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए अलग-अलग कार्यालय बनाए जाएंगे। साथ ही जनसुनवाई कक्ष, मीटिंग हॉल और अन्य प्रशासनिक सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। पूरा परिसर आधुनिक तकनीक और सुरक्षा व्यवस्थाओं से लैस होगा, जिससे पुलिसिंग व्यवस्था और अधिक मजबूत हो सके।

# सवा सौ साल पुरानी रामलीला में क्या चुनाव की प्रक्रिया को लेकर फंस गया है कोई पेंच

## एक तरफ चुनाव की अर्जी और दूसरे पक्ष ने बता दिया चुनाव प्रक्रिया को फर्जी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिस रामलीला कमेटी का इतिहास 125 वर्ष से भी अधिक पुराना है, उस रामलीला कमेटी की वैधता पर सवाल उठ गया है। उस रामलीला कमेटी के चुनाव प्रक्रिया के संचालन को चुनौती दी जा रही है। निवर्तमान कमेटी ने चुनाव प्रक्रिया का एलान कर दिया और दूसरी तरफ इसी रामलीला कमेटी के पूर्व पदाधिकारी तथा पूर्व पार्षद मुनेन्द्र आर्य ने पूरी चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठा दिया है। उनका कहना है कि मौजूदा कमेटी को चुनाव कराने का कोई अधिकार ही नहीं है।


जब कमेटी कालातीत हो चुकी है तो फिर ये रामलीला कमेटी का बाईलॉज है कि चुनाव डिप्टी रजिस्ट्रार द्वारा नियुक्त चुनाव अधिकारी ही करायेंगे। बताया जाता है कि इस मामले में डिप्टी रजिस्ट्रार द्वारा जिला पुष्ट अधिकारी डा. राजेश तेवतिया को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया। वहीं इस मामले में निवर्तमान कमेटी के अध्यक्ष अजय बंसल का कहना है कि किसी के कहने से कमेटी कालातीत नहीं होती है। हमने शुक्रवार को अपना जवाब रिसीव करा दिया है।



श्री सुल्लामल रामलीला कमेटी (रजि.)
रामलीला मैदान घंटाघर, गाजियाबाद (उ.प्र.)

सार्वजनिक सूचना दिनांक 21-04-2026

विशेष कथन



श्री सुल्लामल रामलीला कमेटी (रजि.)
रामलीला मैदान घंटाघर, गाजियाबाद (उ.प्र.)
अजय बंसल अध्यक्ष 9891959197
सुधीर गोयल (मोनू)
नरेश अग्रवाल (प्रधान जी) महामंत्री 9811071501
अशोक गोयल
संजीव मित्तल
अनिल चौधरी
प्रदीप मित्तल
रविन्द्र मित्तल लेखा परीक्षक

रामलीला कमेटी के सभी सम्मानित सदस्यों को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2026-27 के लिए कमेटी के चुनाव सम्पन्न कराने हेतु वर्तमान कमेटी द्वारा निम्नलिखित अधिकारियों की नियुक्ति की गई है :

चुनाव अधिकारी :
श्री शरद कुमार गर्ग (एडवोकेट)
निवासी : KH-153, कवि नगर, गाजियाबाद
मोबाइल : 9212599705

सहायक चुनाव अधिकारी :
श्री वीरेन्द्र कुमार (वीरो)
निवासी : 2, नई बस्ती, गाजियाबाद
मोबाइल : 9818989944

उक्त दोनों अधिकारियों के मार्गदर्शन मे चुनाव प्रक्रिया शीघ्र ही प्रारम्भ कर दी गई है और समयबद्ध रूप से सम्पन्न कराई जाएगी। सभी सदस्यों से अपेक्षा है कि वे इस प्रक्रिया में सहयोग प्रदान करें।

अजय बंसल अध्यक्ष
नरेश अग्रवाल महामंत्री

### 21 जून को होगा चुनाव, हमारी तैयारी पूरी : अजय बंसल



**करंट क्राइम।** कमेटी के अध्यक्ष अजय बंसल ने मुनिन्दर आर्य के आरोपों को निराधार बताया। उन्होंने बताया कि एक जून से चुनाव प्रक्रिया शुरू होगी जिसमें नामांकन पत्रों का वितरण, नामांकन पत्रों का जमा होना, नामांकन की जांच आदि कार्य शामिल हैं। हमने शरद गर्ग एडवोकेट को चुनाव अधिकारी तथा वीरो बाबा को सहायक चुनाव अधिकारी बनाया है। 21 जून को मतदान होगा। हमने डिप्टी रजिस्ट्रार के यहां शुक्रवार को लैटर रिसीव कराया है। वो शुक्रवार को अपने कार्यालय पर नहीं थे, इसलिए हम अपना जवाब रिसीव कराकर आये हैं। अजय बंसल ने कहा कि किसी के कहने से कमेटी कालातीत नहीं होती है।

### क्यों है इतनी हड़बड़ी, क्या चुनाव में करायेंगे गड़बड़ी

करंट क्राइम। पूर्व पार्षद तथा इस मामले के याचिका कर्ता और आरटीआई कार्यकर्ता मुनिन्दर आर्य ने कहा कि 125 वर्ष की रामलीला का इतिहास टूट रहा है। आजतक के कार्यकालमें कभी ऐसा नहीं हुआ कि मतदान और मतगणना अलग अलग हों। इसमें लगभग 300 लोग वोट डालेंगे। और परम्परा यही है कि शाम पांच बजे तक मतदान होता है और इसके तुरन्त बात मतगणना होती है और आपत्ति पर दोबारा मतगणना होती है। लेकिन पहली बार ये हो रहा है कि दो दिन की चुनाव प्रक्रिया रखी गयी। 21 मई को चुनाव होगा और उसके बाद मतपेटी रख दी जायेगी और अगले दिन मतगणना होगी। बार एसोसिएशन के चुनाव में 2000 से ज्यादा वोट डलते हैं और वहां भी परिणाम उसी शाम घोषित किया जाता है। लेकिन समझ से बाहर है कि 300 वोटों के लिए मतगणना अगले दिन होगी। मतपेटी किसकी अभिरक्षा में रखी जायेगी। कौन सुरक्षा बल उसकी सुरक्षा में रहेगें, आखिर इतनी हड़बड़ी तो तभी होती है जब कुछ गड़बड़ी की प्लानिंग चल रही हो।

### कालातीत कमेटी के घोषित चुनाव अधिकारी हैं फर्जी : मुनिन्दर आर्य



**करंट क्राइम।** पूर्व पार्षद तथा रामलीला कमेटी के पूर्व पदाधिकारी मुनिन्दर आर्य ने कहा कि मौजूदा कमेटी हट धर्मिता पर उतारू है। उन्होंने कहा कि 28 फरवरी को ये कमेटी कालातीत हो चुकी है। हमने एक पत्र 8 अप्रैल को दूसरा पत्र 20 अप्रैल को डिप्टी रजिस्ट्रार को दिया था। इसके बाद निवर्तमान कमेटी को एक हफ्ते का समय दिया गया। जिसमें जवाब दाखिल नहीं हुआ और कमेटी कालातीत हो चुकी है। मुनिन्दर आर्य ने कहा कि कानूनी रूप से अजय बंसल और उनकी कमेटी चुनाव घोषित ही नहीं कर सकते। केवल डिप्टी रजिस्ट्रार दफ्तर जाकर पत्रों के रिसीव कराने से मामला हल नहीं होता है। उन्होंने कहा कि डिप्टी रजिस्ट्रार चुनाव अधिकारी घोषित कर चुके हैं, चुनाव की तिथि घोषित कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि निवर्तमान कमेटी द्वारा घोषित किये गये दोनों चुनाव अधिकारी फर्जी हैं। इनकी कोई वैधता नहीं है। चुनाव डिप्टी रजिस्ट्रार द्वारा अधिकृत किये गये सरकारी अधिकारी की देखरेख में ही होगा।

## संपादकीय

# मैदान तक हादसों का बढ़ता खतरा

उत्तराखंड में टिहरी गढ़वाल जिले के चंबा क्षेत्र में बीते गुरुवार को एक वाहन के गहरी खाई में गिरने से उसमें सवार आठ लोगों की मौत हो जाने की घटना ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा में खामियों और जोखिम को उजागर किया है। इसमें दोराय नहीं कि विकास में पिछड़े देश के मैदानी क्षेत्रों से लेकर पहाड़ के दुर्गम इलाकों में भी अब सड़कों का जाल बिछ गया है, जिससे वहां का कठिन जनजीवन काफी हद तक आसान हो गया है। मगर सड़कों के निर्माण के साथ-साथ सुरक्षित सफर का पहलू भी बेहद महत्त्वपूर्ण है। इस मसले पर शासन-प्रशासन के दावों के बावजूद सड़क हादसे कम होने के बजाय बढ़ते जा रहे हैं। उत्तराखंड में टिहरी गढ़वाल जिले के चंबा क्षेत्र में बीते गुरुवार को एक वाहन के गहरी खाई में गिरने से उसमें सवार आठ लोगों की मौत हो जाने की घटना ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा में खामियों और जोखिम को उजागर किया है। सवाल है कि यातायात नियमों का कड़ाई से पालन, सड़कों की समुचित देखरेख और निर्माण में कमियों पर गंभीरता से ध्यान क्यों नहीं दिया जा रहा है? क्या सिर्फ कागजों में योजनाओं और उपायों का खाका खींचने भर से सड़क दुर्घटनाएं कम हो जाएंगी? इन्हें जमीनी स्तर पर प्रभावी तरीके से लागू करने की जिम्मेदारी किसकी है? गौरतलब है कि सर्वोच्च न्यायालय ने हाल में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और सभी राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों को सड़क से सफर सुरक्षित बनाने के निर्देश दिए थे। शीर्ष अदालत का यह कहना बेवजह नहीं था कि जिन खामियों को दुरुस्त किया जा सकता है, अगर उनकी वजह से सड़क हादसों में एक भी जान जाती है, तो यह संबंधित राज्य एवं प्राधिकरण की सुरक्षा जिम्मेदारी में कमी और लापरवाही को दशार्ता है। पहाड़ी राज्यों में तो भौगोलिक जटिलताओं की दृष्टि से सड़क दुर्घटनाओं का जोखिम ज्यादा होता है और ऐसे में वहां हर स्तर पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने की जरूरत होती है। मगर शायद ही इस पर कोई विशेष ध्यान दिया जाता है और यही लापरवाही आए दिन पहाड़ी इलाकों में बड़ी दुर्घटनाओं का कारण बन रही है। बुनियादी सुरक्षा सावधानियों की कमी, सड़कों पर अतिक्रमण, ज्यादा जोखिम वाली जगहों पर पैराफिट की मजबूत घेराबंदी एवं निगरानी का अभाव खतरे को और ज्यादा बढ़ा रहा है। ऐसे में जरूरी है कि केंद्र और राज्य सरकारें सड़क सुरक्षा को लेकर मजबूत एवं प्रभावी तंत्र विकसित करे, ताकि मानव जीवन की रक्षा हो सके। उत्तर प्रदेश के मिजार्पुर जिले में बुधवार रात एक बेहद दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसने कई परिवारों की खुशियां पलभर में छीन लीं। रीवा-मिजार्पुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित ड्रमंडगंज घाटी की ढलान पर यह हादसा उस समय हुआ जब एक तेज रफ्तार ट्रक अचानक बेकाबू हो गया। बताया जा रहा है कि ट्रक के ब्रेक फेल हो गए थे, जिसकी वजह से वह सामने चल रहे वाहनों पर चढ़ गया और एक के बाद एक कई गाड़ियों को टक्कर मार दी।

# भारत के साथ रिश्ते मजबूत करना चाहता है ताइवान



**नई दिल्ली।** ताइवान भारत के लिए मैन्युफैक्चरिंग, टेक्नोलॉजी और कृषि क्षेत्र में अहम साझेदार बन सकता है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश लगातार बढ़ रहा है, जबकि भविष्य में मुक्त व्यापार समझौते से रिश्तों को नई रफ्तार मिल सकती है।

ताइवान भारत के लिए मैन्युफैक्चरिंग, टेक्नोलॉजी और कृषि क्षेत्र में एक मजबूत रणनीतिक साझेदार बन सकता है। ताइवान न्यूज की रिपोर्ट में कहा गया है कि ताइवान के विशाल विदेशी मुद्रा भंडार, हार्डवेयर निर्माण क्षमता, इलेक्ट्रॉनिक्स, खनन खोज और फूड प्रोसेसिंग जैसे क्षेत्रों में अनुभव का लाभ भारत अपनी प्रमुख योजनाओं मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया और स्किल इंडिया के तहत उठा सकता है।

**आर्थिक रिश्तों को मिल सकती है नई दिशा**

रिपोर्ट के अनुसार, भारत और ताइवान की क्षमताएं एक-दूसरे की पूरक हैं। भारत जहां सॉफ्टवेयर, आईटी सेवाओं और कुशल मानव संसाधन में मजबूत है, वहीं ताइवान हार्डवेयर, सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स और उच्च स्तरीय विनिर्माण में अग्रणी है। ऐसे में दोनों देशों के बीच सहयोग से आर्थिक रिश्तों को नई दिशा मिल सकती है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत का विशाल उपभोक्ता बाजार ताइवान के लिए बड़ा अवसर बन सकता है। इससे ताइवान को चीन पर अपनी आर्थिक निर्भरता कम करने में मदद मिल सकती है, खासकर ऐसे समय में जब चीन के साथ तनाव लगातार बढ़ रहा है।

**कृषि तकनीक भारत के कृषि क्षेत्र के लिए भी उपोयगी**

ताइवान की आधुनिक कृषि तकनीक भारत के कृषि क्षेत्र के लिए भी उपयोगी साबित हो सकती है। स्मार्ट फार्मिंग, बेहतर बीज तकनीक, खाद्य प्रसंस्करण और सप्लाई चेन मैनेजमेंट जैसे क्षेत्रों में सहयोग से भारतीय किसानों की आय और उत्पादकता दोनों बढ़ सकती हैं।

भारत और ताइवान के बीच आर्थिक संबंध पिछले कुछ वर्षों में तेजी से मजबूत हुए हैं। दोनों देशों के बीच व्यापार लगातार बढ़ा है और निवेश के नए अवसर भी सामने आए हैं। ताइवान के भारत स्थित प्रतिनिधि मुमिन चेन और भारत के महानिदेशक निनाद देशपांडे द्विपक्षीय रिश्तों को और मजबूत करने की दिशा में काम कर रहे हैं। हाल ही में भारतीय उद्योग परिसंघ का प्रतिनिधिमंडल ताइपे गया, जहां ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स और स्मार्ट मोबिलिटी सेक्टर में सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा हुई। इस दौरान सप्लाई चेन को मजबूत करने और संयुक्त विनिर्माण साझेदारी पर जोर दिया गया। 2024 में ऑर्गेनिक उत्पादों को लेकर हुए पारस्परिक मान्यता समझौते से कृषि और व्यापार क्षेत्र में सहयोग को नई गति मिली है। इसके अलावा ताइवान बाह्य व्यापार विकास परिषद और ताइपे कंप्यूटर एसोसिएशन ने मुंबई, चेन्नई, कोलकाता और बंगलूरू में कार्यालय खोलकर व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया है।

रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि भारत और ताइवान को बाहरी दबावों से ऊपर उठकर अपने रिश्तों को और मजबूत करना चाहिए।

# भारत के कपड़ा निर्यात में आई गिरावट 35.8 अरब डॉलर पर पहुंचा कारोबार



**नई दिल्ली।** जीटीआरआई की रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में भारत का टेक्सटाइल और गारमेंट निर्यात 2.2 प्रतिशत घटकर 35.8 अरब डॉलर रह गया। कॉटन टेक्सटाइल, रेडीमेड गारमेंट्स और कारपेट जैसे प्रमुख क्षेत्रों में गिरावट दर्ज की गई, जबकि केवल हैंडीक्राफ्ट में मामूली बढ़त हुई।

भारत के टेक्सटाइल और गारमेंट निर्यात को वित्त वर्ष 2025-26 में झटका लगा है। थिंक टैंक जीटीआरआई की रिपोर्ट के मुताबिक, देश का कुल वस्त्र और परिधान निर्यात 2.2 प्रतिशत घटकर 35.8 अरब डॉलर पर आ गया। रुपये के लिहाज से भी निर्यात में 2.1 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि गिरावट लगभग सभी प्रमुख श्रेणियों में देखने को मिली। कॉटन टेक्सटाइल निर्यात 3.9 प्रतिशत घटा, रेडीमेड गारमेंट्स में 1.4 प्रतिशत की कमी आई और कारपेट निर्यात 5.3 प्रतिशत नीचे रहा। केवल हैंडीक्राफ्ट सेक्टर ने मामूली राहत दी, जहां 1.5 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई।

**रुपये और डॉलर के आंकड़ों में अंतर एक गहरी आर्थिक चिंता**

जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि रुपये और डॉलर के आंकड़ों में अंतर एक गहरी आर्थिक चिंता को दशार्ता है। उनका कहना है कि भारत घरेलू मुद्रा में अधिक निर्यात करता दिखाई दे रहा है, लेकिन वैश्विक बाजार से डॉलर कम कमा रहा है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि मैन-मेड टेक्सटाइल में रुपये के हिसाब से 3.6 प्रतिशत की बढ़त दिखी, लेकिन डॉलर में यह 0.8 प्रतिशत घट गया। इसी तरह गारमेंट निर्यात रुपये में 2.9 प्रतिशत बढ़ा, जबकि डॉलर में 1.4 प्रतिशत की गिरावट आई।

# 'बाजार में अब नई डिजिटल पीढ़ी प्रवेश कर रही है'

## - सेबी प्रमुख बोले- नियामकों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है



**नई दिल्ली।** सेबी के 38वें स्थापना दिवस पर चेयरमैन तुहिन कांत पांडे ने कहा कि संस्था की विश्वसनीयता सुधारों, मजबूत नियमन और निवेशकों के भरोसे से बनी है। उन्होंने बताया कि भारत के पूंजी बाजार ने वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच मजबूती दिखाई है।

सेबी के 38वें स्थापना दिवस पर चेयरमैन तुहिन कांत पांडे ने कहा कि संस्था की सबसे बड़ी ताकत उसकी विश्वसनीयता है, जो वर्षों के सुधारों, मजबूत नियमन और निवेशकों के भरोसे से बनी है। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर भू-राजनीतिक तनाव, व्यापारिक अनिश्चितताओं और तेजी से बदलती तकनीक के बावजूद भारतीय पूंजी बाजार मजबूती से आगे बढ़ रहा है। इस कार्यक्रम में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण भी मौजूद रहीं।

**सेबी ने भारतीय बाजारों को पूरी तरह बदल दिया:** पांडे ने कहा कि भारत के बाजारों की यह मजबूती अचानक नहीं आई है। यह वर्षों से किए गए संस्थागत निर्माण, संतुलित नीतियों और मजबूत नियामकीय ढांचे का नतीजा है। इसी कारण वैश्विक उतार-चढ़ाव के दौर में भी देश में पूंजी निर्माण और निवेश गतिविधियां जारी हैं।

# 'होर्मुज खुलते ही कुछ महीनों में संभल सकता है खाड़ी तेल उत्पाद'




**मुंबई।** गोल्डमैन सैक्स की रिसर्च रिपोर्ट के अनुसार, अगर होर्मुज जलडमरूमध्य दोबारा सुरक्षित तरीके से खुल जाता है, तो खाड़ी देशों का कच्चे तेल उत्पादन कुछ महीनों में काफी हद तक सामान्य हो सकता है। हालांकि रिपोर्ट में कहा गया है कि युद्ध से पहले के स्तर पर पूरी वापसी में ज्यादा समय लग सकता है, खासकर यदि पश्चिम एशिया में तनाव लंबे समय तक बना रहता है।

रिपोर्ट के मुताबिक, संघर्ष के कारण खाड़ी क्षेत्र का तेल उत्पादन 14.5 मिलियन बैरल प्रतिदिन यानी करीब 57 फीसदी तक घट गया है। गोल्डमैन सैक्स ने कहा कि यदि तेल परिसंपत्तियों पर नए हमले नहीं होते और जलडमरूमध्य जल्द खुलता है, तो उत्पादन तेजी से बढ़ सकता है। हालांकि बहाली की रफ्तार परिवहन व्यवस्था, पाइपलाइन क्षमता, खाली टैंकरों की उपलब्धता और तेल क्षेत्रों में मरम्मत कार्यों पर निर्भर करेगी। रिपोर्ट के अनुसार, संघर्ष शुरू होने के बाद खाड़ी क्षेत्र में खाली टैंकर क्षमता लगभग 50 फीसदी घटकर 130 मिलियन बैरल रह गई है। रिपोर्ट में कहा गया कि सऊदी अरामको और संयुक्त अरब अमीरात के पास अतिरिक्त उत्पादन क्षमता है, जिसका उपयोग बाजार को स्थिर करने में किया जा सकता है। फिर भी रिपोर्ट में चेतावनी दी है कि लंबे समय तक बंदी की स्थिति में पूरी बहाली में कई तिमाहियां लग सकती हैं। बाहरी एजेंसियों के अनुमानों के अनुसार, जलमार्ग खुलने के तीन महीने बाद 70 फीसदी और छह महीने बाद 88 फीसदी उत्पादन बहाल हो सकता है।

# पे-टीएम की कार्रवाई पर पेटीएम का बयान

## कहा- कारोबार पर कोई असर नहीं, सेवाएं जारी रहेंगी



**मुंबई।** पेटीएम ने कहा है कि पीपीबीएल पर रिजर्व बैंक की कार्रवाई का उसके कारोबार या वित्तीय स्थिति पर कोई असर नहीं पड़ा है। कंपनी ने स्पष्ट किया कि PPBL एक स्वतंत्र इकाई है और पेटीएम की सभी सेवाएं पहले की तरह सामान्य रूप से जारी हैं। पेटीएम ने कहा है कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) पर भारतीय रिजर्व बैंक की कार्रवाई का कंपनी के कारोबार या वित्तीय स्थिति पर कोई असर नहीं पड़ा है। कंपनी ने स्पष्ट किया कि उसका पेमेंट्स बैंक के साथ कोई बड़ा कारोबारी समझौता या वित्तीय जोखिम नहीं है।

दरअसल, भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को पेटीएम पेमेंट्स बैंक का बैंकिंग लाइसेंस रद्द कर दिया है।

**पीपीबीएल पूरी तरह स्वतंत्र रूप से करता है काम:** कंपनी ने नियामकीय फाइलिंग में बताया कि पीपीबीएल पूरी तरह स्वतंत्र रूप से काम करता है और पेटीएम का उसके बोर्ड या प्रबंधन में कोई दखल नहीं है। कंपनी ने कहा कि 1 मार्च 2024 को भी यह जानकारी दी गई थी कि उसका ढढइछ में कोई एक्सपोजर नहीं है और न ही कोई महत्वपूर्ण बिजनेस व्यवस्था है।

# रोचक तथ्यों का करंट

- दुनिया का सबसे पुराना उद्देश्य-निर्मित संग्रहालय (आधिकारिक तौर पर साल 1683 में खोला गया) ऑक्सफोर्ड का एशमोलेन संग्रहालय है।
- क्या आप जानते हैं? गृह युद्ध (1642 – 1646) के दौरान ऑक्सफोर्ड इंग्लैंड की राजधानी थी।
- एलिस इन वंडरलैंड से एलिस वास्तव में एलिस लिडेल नामक एक असली लड़की थी। असली एलिस, लुईस के एक कॉलेज मित्र – क्राइस्ट चर्च में डीन की पुत्री थी।
- होलीवेल म्यूजिक रूम (1748) यूरोप में सबसे पुराना संगीत प्रदर्शन कक्ष है।
- ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के छात्रों के कुछ वास्तव में 'विचित्र रस्मों-रिवाज' हैं। जैसे की, अपनी परीक्षा पूरी करने वाले छात्रों पर अंडे और पास्ता सॉस फेंकना।
- ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के छात्रों ने 158 ओलंपिक स्वर्ण पदक जीते हैं!
- क्या आप जानते हैं? ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय ने 27 ब्रिटिश प्रधानमंत्री शिक्षित किए हैं।
- आठ प्रतिशत लोगों में एक अतिरिक्त पसली होती है।
- मिक्की माउस का इटली में नाम टोपोलिनो है।

# सीतारमण ने साइबर सुरक्षा पर किया जोर



वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा है कि सेबी को उभरती चुनौतियों से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहना होगा, जिनमें सबसे बड़ी चुनौती साइबर सुरक्षा है। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी बड़े स्टॉक एक्सचेंज, डिपॉजिटरी, क्लियरिंग कॉरपोरेशन या बड़े ब्रोकर पर सफल साइबर हमला राष्ट्रीय स्तर पर बाजारों को प्रभावित कर सकता है। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित टूल्स साइबर हमलों को पहले से ज्यादा तेज, स्मार्ट, बड़े पैमाने पर और कई मामलों में स्वत: संचालित बना रहे हैं। निर्मला सीतारमण ने कहा कि सिर्फ सेबी ही नहीं, बल्कि उसके तहत आने वाली सभी विनियमित संस्थाओं को भी बेहद सतर्क रहना होगा।

# राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

# चुटकुले

लड़का - तुम्हारा नाम क्या है...?
लड़की - तमन्ना...
लड़का - तुम्हारे पापा का नाम सरफरोशी है क्या...?
लड़की - क्यों...?
लड़का - क्योंकि सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है...!

---

काका को रात में 12 बजे एक लड़की का फोन आता है...!
काका - हेलो कौन...?
लड़की - हम तेरे बिन अब रह नहीं सकते, तेरे बिना क्या वजूद मेरा...!
काका (खुश होकर) - कौन हैं आप..?
लड़की - तुझसे जुदा अगर हो जायेंगे तो खुद से भी हो जाएंगे जुदा..!
खुशी के मारे काका की आंखों में पानी आ गया, वो बोले - तुम सच में मुझसे शादी करोगी...?
लड़की - इस गाने को अपनी कॉलर ट्यून बंनाने के लिए 8 दबाएं...!




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364
सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# विराट कोहली ने पूरे किए 300 छक्के, रोहित दूसरे स्थान पर मौजूद



### आईपीएल में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज

| बल्लेबाज | मैच | रन | स्ट्राइक रेट | चौके | छक्के |
|---|---|---|---|---|---|
| क्रिस गेल | 142 | 4965 | 148.96 | 404 | 357 |
| रोहित शर्मा | 276 | 7183 | 132.60 | 653 | 310 |
| विराट कोहली | 274 | 8989 | 133.76 | 807 | 303 |
| महेंद्र सिंह धोनी | 278 | 5439 | 137.45 | 375 | 264 |
| एबी डिविलियर्स | 184 | 5162 | 151.68 | 413 | 251 |
| डेविड वॉर्नर | 184 | 6565 | 139.77 | 663 | 236 |
| संजू सैमसन | 184 | 4997 | 140.87 | 410 | 234 |
| आंद्रे रसेल | 140 | 2651 | 174.17 | 186 | 223 |
| कीरोन पोलार्ड | 189 | 3412 | 147.32 | 218 | 223 |
| केएल राहुल | 152 | 5433 | 137.02 | 473 | 218 |

**बंगलूरू।** गुजरात टाइटंस के खिलाफ शुक्रवार को खेले गए मुकाबले में विराट कोहली ने शानदार प्रदर्शन किया और बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने शुक्रवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ मुकाबले में शानदार प्रदर्शन किया और बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। अपनी पारी के दौरान स्टार बल्लेबाज ने चार छक्के लगाए और आईपीएल में 300 छक्कों का आंकड़ा छू लिया। वह आईपीएल इतिहास में 300 छक्के पूरे करने वाले तीसरे बल्लेबाज बन गए।

**ऑरेंज कैप पर कोहली का कब्जा**

गुजरात के खिलाफ सर्वाधिक रनों की पारी खेलने वाले विराट कोहली को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इस पारी के दम पर किंग कोहली आईपीएल 2026 के शीर्ष स्कोरर भी बन गए। अभिषेक शर्मा को पीछे छोड़ते हुए उन्होंने ऑरेंज कैप हासिल कर ली। कोहली के सात मैचों में 328 रन हो गए हैं। वहीं, अभिषेक शर्मा सात मुकाबलों में में 323 रन के साथ दूसरे और हेनरिक क्लासेन सात मैचों में 320 रन के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

### रोहित-गेल की लिस्ट में शामिल हुए कोहली



गुजरात के खिलाफ चिन्नास्वामी स्टेडियम में 206 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए किंग कोहली ने 184.09 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की और 81 रनों की दमदार पारी खेली। इस दौरान उन्होंने आईपीएल में 300 से ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में अपना नाम दर्ज कराया। उनसे पहले इस टूर्नामेंट में 300 छक्कों का आंकड़ा रोहित शर्मा और क्रिस गेल छू चुके हैं।
क्रिस गेल इस मामले में शीर्ष पर हैं, जिन्होंने 142 मुकाबलों में 357 छक्के ठोके। वहीं, रोहित शर्मा अब तक खेले 276 मैचों में 310 छक्के ठोक चुके हैं।

# चोट से उबरकर दिल्ली कैपिटल्स से जुड़े मिचेल स्टार्क

## टीम को मिली बड़ी राहत, कब उतरेंगे मैदान पर

**नई दिल्ली।** मिचेल स्टार्क चोट से उबरकर दिल्ली कैपिटल्स कैंप से जुड़ गए हैं। वह पंजाब के खिलाफ नहीं खेलेंगे, लेकिन राजस्थान के खिलाफ वापसी संभव है। उनकी मौजूदगी से टीम की गेंदबाजी मजबूत होगी।



### चोट के कारण थे लंबे समय से बाहर

स्टार्क कंधे और कोहनी की चोट के चलते काफी समय से क्रिकेट से दूर थे। दरअसल, एशेज सीरीज में भारी वर्कलोड के बाद उन्हें यह समस्या हुई। उन्होंने पांच टेस्ट मैचों में 150 से ज्यादा ओवर फेंके और 31 विकेट लेकर 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' भी बने। इसके बाद बिग बैश लीग में खेलते हुए उन्हें चोट और गंभीर हो गई, जब कैच पकड़ने के दौरान वे गिर पड़े।

### पंजाब के खिलाफ नहीं खेलेंगे

हालांकि मिचेल स्टार्क टीम के साथ जुड़ चुके हैं, लेकिन वह पंजाब किंग्स के खिलाफ मुकाबले में नहीं खेल पाएंगे। टीम मैनेजमेंट उन्हें पूरी तरह फिट होने का समय देना चाहता है।

### इस मैच में हो सकती है वापसी

उम्मीद जताई जा रही है कि स्टार्क एक मई को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मुकाबले में मैदान पर उतर सकते हैं। अगर ऐसा होता है तो यह दिल्ली कैपिटल्स के लिए बड़ा प्लस साबित होगा, क्योंकि उनकी गेंदबाजी अब तक उतनी प्रभावी नहीं रही है।

### टीम के लिए क्यों अहम है वापसी

इस समय दिल्ली कैपिटल्स अंक तालिका में छठे स्थान पर है और टीम को लगातार अच्छे प्रदर्शन की जरूरत है। स्टार्क जैसे अनुभवी गेंदबाज की वापसी टीम के आत्मविश्वास को बढ़ा सकती है। उनकी गति और स्विंग विपक्षी बल्लेबाजों के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकती है। उनकी वापसी दिल्ली कैपिटल्स के लिए सीजन का टर्निंग पॉइंट साबित हो सकती है। अगर वह जल्द फिट होकर मैदान पर उतरते हैं, तो टीम की प्लेऑफ की उम्मीदों को नई ताकत मिल सकती है।

# ओलंपिक पदक विजेता हॉकी खिलाड़ी गुरबख्श सिंह का निधन

## 84 वर्ष की आयु में ली अंतिम सांस



**चंडीगढ़।** ओलंपिक कांस्य पदक विजेता गुरबख्श सिंह ग्रेवाल का 84 वर्ष की उम्र में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। 1968 ओलंपिक में पदक जीतने वाले ग्रेवाल ने बाद में खेल प्रशासन और युवा खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने में भी अहम योगदान दिया।

भारतीय हॉकी के एक और सितारे ने दुनिया को अलविदा कह दिया है। ओलंपिक पदक विजेता गुरबख्श सिंह ग्रेवाल का 84 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनका निधन दिल का दौरा पड़ने की वजह से हुआ। उन्होंने जीरकपुर (चंडीगढ़ के पास) में अंतिम सांस ली।

**खेल के मैदान से प्रशासन तक, एक विस्तृत यात्रा**

गुरबख्श सिंह ग्रेवाल 1968 के मैक्सिको सिटी ओलंपिंक 1968 में भारतीय टीम का हिस्सा थे, जिसने कांस्य पदक जीता था। उस समय उनकी भूमिका टीम के लिए बेहद अहम रही थी। एक खास उपलब्धि यह भी रही कि उसी ओलंपिक में उन्होंने अपने भाई बलबीर सिंह ग्रेवाल के साथ भारत का प्रतिनिधित्व किया। यह उन दुर्लभ मौकों में से एक था जब सगे भाई एक साथ ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम का हिस्सा बने।

गुरबख्श सिंह ग्रेवाल का खेल जीवन सिर्फ मैदान तक सीमित नहीं था। खेल से संन्यास लेने के बाद भी उन्होंने हॉकी के प्रशासन में सक्रिय भूमिका निभाई।

## रोमांचक मुकाबले में पूर्व नंबर एक गवाद से हारे अभय

### ग्रासहॉपर कप के क्वार्टर फाइनल में खत्म हुआ सफर

**नई दिल्ली।** भारत के स्क्वाश खिलाड़ी अभय सिंह का शानदार अभियान क्वार्टर फाइनल में थम गया है। अभय को मिस्र के पूर्व विश्व नंबर एक खिलाड़ी करीम गवाद से हार का सामना करना पड़ा।

भारत के अभय सिंह ज्यूरिख में चल रही पीएसए गोल्ड स्तर की प्रतियोगिता ग्रासहॉपर कप स्क्वाश के पुरुष क्वार्टर फाइनल में मिस्र के पूर्व विश्व नंबर एक खिलाड़ी करीम गवाद से हार गए। विश्व में 24वें नंबर के खिलाड़ी अभय ने पहले गेम में 0-6 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए उसे टाई-ब्रेक तक पहुंचाया। उन्होंने दूसरे गेम में भी विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी को कड़ी चुनौती दी। लेकिन मिस्र के दूसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने आखिर में 12-10, 11-9 से मुकाबला जीत लिया।

अभय ने इससे पहले टूनामेंट में मिस्र के विश्व में 13वें नंबर के खिलाड़ी अली अबू एलेनेन पर जीत दर्ज कर पहली बार किसी पीएसए गोल्ड स्तर की प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया था।

# मुश्किल समय में अल्कारेज को मिला नडाल और सिनर का साथ

## चोट के कारण फ्रेंच से हटने को हुए थे मजबूर

**नई दिल्ली।** स्पेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्कारेज चोट के कारण फ्रेंच ओपन से बाहर हो गए हैं। अब अल्कारेज को टेनिस जगत का समर्थन मिला है और राफेल नडाल जैसे दिग्गज खिलाड़ी ने भरोसा जताया है कि अल्कारेज मजबूत वापसी करेंगे।



कलाई की चोट की वजह से फ्रेंच ओपन 2026 से अपना नाम वापस लेने वाले स्पेन के युवा खिलाड़ी कार्लोस अल्कारेज को टेनिस जगत के दिग्गजों का समर्थन मिला है। पूर्व दिग्गज खिलाड़ी राफेल नडाल और मौजूदा समय में अल्कारेज के सबसे बड़े प्रतियोगी यानिक सिनर ने इस मुश्किल समय में अल्कारेज का समर्थन किया है। राफेल नडाल ने सोशल मीडिया के जरिए अल्कारेज का मनोबल बढ़ाया।

**नडाल बोले- भरोसा है अल्कारेज जल्द वापसी करेंगे**

नडाल ने लिखा कि ऐसे कठिन समय खिलाड़ी की असली ताकत को सामने लाते हैं और उन्हें भरोसा है कि अल्कारेज जल्द ही पहले से भी मजबूत होकर वापसी करेंगे। नडाल का यह संदेश टेनिस समुदाय में काफी सराहा जा रहा है, क्योंकि दोनों खिलाड़ियों के बीच खास रिश्ता माना जाता है। दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी सिनर ने भी अल्कारेज के समर्थन में बयान दिया। उन्होंने कहा कि टेनिस को अल्कारेज जैसे खिलाड़ियों की जरूरत है, क्योंकि उनके होने से खेल और रोमांचक बनता है।


दुनिया के शीर्ष खिलाड़ियों में शामिल अल्कारेज को यह चोट बार्सिलोना में खेले गए एटीपी 500 टूनामेंट के पहले दौर के मुकाबले के दौरान लगी थी। शुरूआती जांच के बाद उन्होंने सावधानी बरतते हुए बड़े टूनामेंट से दूरी बनाने का फैसला किया। इस फैसले के साथ यह भी तय हो गया कि वह 2021 के बाद पहली बार पेरिस में होने वाले फ्रेंच ओपन में हिस्सा नहीं लेंगे।

**अल्कारेज ने की थी टूनामेंट से हटने की पुष्टि:** अल्कारेज ने भी अपने फैंस को संदेश देते हुए कहा था कि मेडिकल टेस्ट के बाद टीम ने यही फैसला लिया कि फिलहाल उनके लिए आराम करना ही सही रहेगा। उन्होंने कहा कि यह उनके करियर का कठिन दौर है, लेकिन उन्हें भरोसा है कि वह जल्द वापसी करेंगे।

# कार्लोस अल्काराज नहीं लेगें फ्रेंच ओपन में हिस्सा

## कलाई की चोट के कारण लिया फैसला

**नई दिल्ली।** कार्लोस अल्काराज कलाई की चोट के कारण इस साल फ्रेंच ओपन में नहीं खेल पाएंगे। यह रोलांड गैरोस (फ्रेंच ओपन) में लगातार तीसरा खिताब जीतने के उनके मौके के लिए एक बड़ा झटका है। दुनिया के नंबर दो खिलाड़ी को बार्सिलोना ओपन में ओटो विरटेनन के खिलाफ अपने पहले राउंड के मैच के दौरान चोट लगी थी, जिसके कारण उन्हें कुछ ही समय बाद उस इवेंट से हटना पड़ा था। हाल के मेडिकल टेस्ट के बाद अब वह रोम में होने वाले इटैलियन ओपन और फ्रेंच ओपन दोनों से बाहर हो गए हैं।



क्या बोले अल्काराज?

अल्काराज ने 'इंस्टाग्राम' पर एक बयान में कहा, 'आज हमें जो टेस्ट रिजल्ट मिले, उसके बाद हमने तय किया है कि सबसे सुरक्षित विकल्प सावधान रहना और रोम या रोलांड गैरोस (फ्रेंच ओपन) में हिस्सा नहीं लेना है, जबकि हम स्थिति का मूल्यांकन करके यह पता लगा रहे हैं कि मैं कोर्ट पर कब वापस आ सकता हूं। यह मेरे लिए मुश्किल समय है, लेकिन मुझे विश्वास है कि मैं और मजबूत होकर वापस आऊंगा।'

**मैड्रिड ओपन से भी लिया था नाम वापस**

22 साल के खिलाड़ी ने 17 अप्रैल को मैड्रिड ओपन से अपना नाम वापस ले लिया था, जिससे क्ले-कोर्ट सीजन के करीब आते ही उनकी फिटनेस को लेकर चिंताएं बढ़ गई थीं। सात बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन, अल्काराज पेरिस में दो बार के डिफेंडिंग चैंपियन हैं, जिन्होंने 2024 और 2025 में खिताब जीता है। उनकी 2025 की जीत खास तौर पर रोमांचक थी, क्योंकि उन्होंने एक नाटकीय फाइनल में जैनिक सिनर के खिलाफ तीन चैंपियनशिप पॉइंट बचाए थे। इस साल की शुरूआत में वह ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपनी जीत के साथ करियर ग्रैंड स्लैम हासिल करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी भी बने।

इस झटके के बावजूद, अल्काराज का 2026 सीजन शानदार रहा है, जिसमें 22-3 का रिकॉर्ड और दोहा में एक खिताब जीत शामिल है। हालांकि, 12 अप्रैल को मोंटे कार्लो मास्टर्स फाइनल में सिनर से हारने के बाद वह रैंकिंग में टॉप से फिसल गए थे। अल्काराज का अब पूरा ध्यान रिकवरी पर है। उनका लक्ष्य पूरी तरह से फिट होकर वापसी करना और पुरुष टेनिस में अपनी बढ़त जारी रखना है।

# आईपीएल के बीच श्रीसंत ने हरभजन से क्यों तोड़े रिश्ते

**नई दिल्ली।** श्रीसंत ने हरभजन पर 'स्लैपगेट' विज्ञापन से कमाई का आरोप लगाते हुए रिश्ते खत्म कर दिए। उन्होंने कहा कि वह माफ कर सकते हैं, लेकिन भूल नहीं सकते और अब उन्हें सोशल मीडिया पर ब्लॉक कर दिया है।

आईपीएल इतिहास का चर्चित 'स्लैपगेट' विवाद एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। पूर्व भारतीय क्रिकेटर श्रीसंत और हरभजन सिंह के रिश्तों में अब कड़वाहट खुलकर सामने आ गई है। दोनों खिलाड़ी, जो कभी इस विवाद के बाद आगे बढ़ चुके थे, अब एक बार फिर आमने-सामने हैं।

श्रीसंत ने हरभजन सिंह पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने 'स्लैपगेट' विवाद पर आधारित एक विज्ञापन से मोटी कमाई की। उन्होंने मलयालम न्यूज आउटलेट मातृभूमि से कहा, 'मैंने कभी भी भज्जी के बारे में किसी इंटरव्यू में बात नहीं की, लेकिन अब पहली बार बोल रहा हूं।' श्रीसंत ने दावा किया, 'उन्होंने इस पर एक विज्ञापन बनाया और करीब 80 लाख से एक करोड़ रुपये कमाए। फिर उन्होंने मुझे कॉल करके कहा कि मैं इसे अपने इंस्टाग्राम पर शेयर करूं, लेकिन मैंने साफ मना कर दिया।'



### 'माफ कर सकता हूं, लेकिन भूल नहीं सकता'

श्रीसंत ने यह भी साफ किया कि उन्होंने 2008 में हुई घटना को माफ जरूर किया है, लेकिन उसे भुलाया नहीं है। उन्होंने कहा, 'मैं माफ कर सकता हूं, लेकिन कभी भूल नहीं सकता। अगर आप भूल जाएंगे तो सामने वाला वही गलती दोबारा करेगा।'

### रिश्ते पूरी तरह खत्म

पूर्व तेज गेंदबाज ने यह भी खुलासा किया कि अब उनके और हरभजन सिंह के बीच कोई संबंध नहीं बचा है। उन्होंने कहा, 'अब मेरा उस व्यक्ति से कोई रिश्ता नहीं है। मैं उन्हें पहले भाई कहता था, लेकिन पिछले एक-दो महीनों में जो हुआ, उसके बाद मैंने उन्हें इंस्टाग्राम पर ब्लॉक कर दिया है।'

### पहले क्या हुआ था?

2008 के आईपीएल सीजन में मुंबई इंडियंस के लिए खेल रहे हरभजन सिंह ने किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाड़ी श्रीसंत को थप्पड़ मार दिया था। यह घटना आईपीएल के सबसे बड़े विवादों में से एक बन गई थी और हरभजन पर प्रतिबंध भी लगाया गया था। इस नए विवाद ने साफ कर दिया है कि पुराने जख्म अभी पूरी तरह भरे नहीं हैं। भले ही दोनों खिलाड़ियों ने समय के साथ आगे बढ़ने की कोशिश की, लेकिन हालिया घटनाओं ने रिश्तों में फिर दरार पैदा कर दी है।

## गुजरात को हराकर दूसरे नंबर पर पहुंची आरसीबी

**बंगलूरू।** जीटी के खिलाफ 44 गेंदों पर चार छक्कों और आठ चौकों की मदद से 81 रन की पारी खेल प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीतने वाले विराट कोहली फिलहाल सीजन के शीर्ष स्कोरर बन गए हैं।

आईपीएल 2026 का 34वां मुकाबला शुक्रवार को एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और गुजरात टाइटंस (जीटी) के बीच खेला गया। आरसीबी और जीटी मैच के बाद आइए जानते हैं कि अंकतालिका में कौन सी टीम किस स्थान पर है।

**अंक तालिका का मौजूदा हाल**

पंजाब किंग्स छह मैचों में 11 अंक के साथ पहले स्थान पर है। आरसीबी सात मैचों में 10 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है।

राजस्थान रॉयल्स सात मैच में 10 अंक के साथ तीसरे स्थान, सनराइजर्स हैदराबाद सात मैचों में आठ अंक के साथ चौथे स्थान पर है।

# आईपीएल इतिहास के तीन मौके, जब एक ही बल्लेबाज खेल गया पावरप्ले के छह में से 5 ओवर

### पावरप्ले में सबसे ज्यादा गेंद खेलने वाले बल्लेबाज

| खिलाड़ी | रन (गेंद) | टीम-खिलाफ | स्थान | साल |
|---|---|---|---|---|
| मिचेल मार्श | 60 (30) | LSG vs MI | लखनऊ | 2025 |
| शिखर धवन | 42 (29) | SRH vs MI | वानखेड़े | 2015 |
| साई सुदर्शन | 46 (29) | GT vs RCB | बंगलूरू | 2026 |

**नई दिल्ली।** आईपीएल इतिहास में सिर्फ तीन बार ऐसा हुआ जब एक बल्लेबाज ने पावरप्ले के छह में से लगभग पांच ओवर अकेले खेले। मिचेल मार्श, शिखर धवन और साई सुदर्शन इस खास लिस्ट में शामिल हैं।

आईपीएल 2026 में शुक्रवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटंस के बीच मुकाबला खेला गया। बेंगलुरु ने 206 रन के लक्ष्य को पांच विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। आरसीबी ने 18.5 ओवर में ही चेज कर लिया। हालांकि, इस मैच में एक रिकॉर्ड ऐसा भी बना, जिसनें फैंस को चौंका दिया। मैच के दौरान गुजरात की पारी में साई सुदर्शन ने पावरप्ले के छह ओवर में से लगभग पांच ओवर अकेले खेल लिए और एक दुर्लभ रिकॉर्ड अपने नाम किया। हालांकि, ऐसा पहली बार नहीं हुआ था। यह कुल मिलाकर आईपीएल इतिहास में तीसरी बार था, जब किसी मैच में एक बल्लेबाज ने पावरप्ले में छह में से लगभग पांच ओवर अकेले खेले हों।

**सुदर्शन का दमदार प्रदर्शन, पावरप्ले में रचा खास रिकॉर्ड**

साई सुदर्शन ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मुकाबले में पावरप्ले के दौरान शानदार बल्लेबाजी करते हुए खास उपलब्धि अपने नाम कर ली। पहले छह ओवरों में उन्होंने अकेले 29 गेंदों का सामना किया और 46 रन बनाए। इस दौरान गुजरात टाइटंस का कोई विकेट नहीं गिरा, जबकि दूसरे छोर पर शुभमन गिल ने सिर्फ सात गेंदें खेलीं। आईपीएल इतिहास में पावरप्ले में सबसे ज्यादा गेंद खेलने का रिकॉर्ड मिचेल मार्श के नाम है। उन्होंने 2025 में लखनऊ सुपर जाएंट्स से खेलते हुए मुंबई इंडियंस के खिलाफ इकाना में पावरप्ले में 36 गेंदों में से 30 गेंदें खेली थीं और 60 रन बनाए थे। वहीं शिखर धवन भी 29 गेंदों का सामना कर चुके हैं। उन्होंने 2015 में सनराइजर्स हैदराबाद से खेलते हुए वानखेड़े मुंबई इंडियंस के खिलाफ पावरप्ले की 36 गेंदों में से 29 गेंदें खेली थीं और 42 रन बनाए थे। सुदर्शन अब इस खास सूची में शामिल हो गए हैं।



साई सुदर्शन ने पावरप्ले में 46 रन बनाकर गुजरात टाइटंस के लिए एक अहम उपलब्धि हासिल की है। यह टीम के इतिहास में पावरप्ले के दौरान तीसरा सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर है। इस सूची में सबसे ऊपर ऋद्धिमान साहा हैं, जिन्होंने 2023 में लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ मुकाबले में 54 रन बनाए थे। वहीं दूसरे स्थान पर जोस बटलर हैं, जिन्होंने 2026 में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 47 रन जड़े। सुदर्शन की इस पारी की खास बात यह रही कि उन्होंने शुरूआती ओवरों में तेजी से रन बनाकर टीम को मजबूत शुरूआत दिलाई। उनकी आक्रामक बल्लेबाजी ने विपक्षी गेंदबाजों पर दबाव बनाया और टीम को बड़े स्कोर की नींव रखने में मदद की।

# सिर से उठा माता-पिता का साया, फिर भी मैदान पर खेलने उतरे ये भारतीय खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट में कुछ ऐसे खिलाड़ी भी रहे हैं, जो इस मुश्किल समय में दिल पर पत्थर रखकर टीम के लिए मैदान पर न सिर्फ खेलने उतरे हैं, बल्कि जीत में भी अहम योगदान दिया है।



**ऋषभ पंत:** आईपीएल 2017 के आगाज से ठीक दो दिन पहले ऋषभ पंत के पिता का निधन हो गया था। हालांकि, पंत पिता का अंतिम संस्कार करके तुरंत दिल्ली डेयरडेविल्स (अब दिल्ली कैपिटल्स) टीम से जुड़ गए थे। उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ खेले गए मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए 36 गेंदों में 57 रनों की दमदार पारी भी खेली थी।

सिर से माता या पिता का साया उठने के बाद चंद घंटों में फिर से मैदान पर खेलने उतरने के लिए बड़ा कलेजा चाहिए होता है। जिंदगी के इस सबसे बड़े दुख से उबरने में लोगों को महीने, वर्षों लग जाते हैं। हालांकि, भारतीय क्रिकेट में कुछ ऐसे खिलाड़ी भी रहे हैं, जो इस मुश्किल समय में दिल पर पत्थर रखकर टीम के लिए मैदान पर न सिर्फ खेलने उतरे हैं, बल्कि जीत में भी अहम योगदान दिया है।

**सचिन तेंदुलकर:** भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर साल 1999 में वर्ल्ड कप में हिस्सा ले रहे थे, जब उनके पिता का निधन हो गया था। 19 मई, 1999 को सचिन ने भारत की तरफ से जिम्बाब्वे के खिलाफ मुकाबला खेला था और इसी तारीख को उनके सिर से पिता का साया हमेशा के लिए उठ गया था।

**विराट कोहली:** साल 2006 में दिल का दौरा पड़ने से विराट कोहली के पिता का निधन हो गया था। कोहली इस समय रणजी ट्रॉफी में दिल्ली की तरफ से कर्नाटक के खिलाफ मुकाबला खेल रहे थे। विराट की उम्र तब सिर्फ 18 साल थी, लेकिन वह दिल पर पत्थर रखकर अगले दिन दिल्ली की ओर से बल्लेबाजी करने मैदान पर उतरे थे। विराट ने 90 रनों की शानदार पारी भी खेली थी।

**मोहम्मद सिराज:** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज अपने पिता का अंतिम संस्कार करने के लिए भी स्वदेश नहीं लौट सके थे।

# गाजियाबाद आसपास




## जीडीए का बड़ा एक्शनः मोदीनगर में दो अवैध कॉलोनियों पर गरजा बुलडोजर



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद में मोदीनगर के गांव बुदाना व याकूतपुरी मवी में अवैध तरीके से शुरू की जा रही दो कालोनी पर जीडीए की टीम ने शनिवार को ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। जेसीबी बुलडोजर की मदद से अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया।

जीडीए अधिकारियों के मुताबिक, ओमपाल सिंह के द्वारा गांव बेगमाबाद बुदाना में निवाडी रोड पर करीब 4000 वर्ग मीटर में अवैध तरीके से कॉलोनी विकसित जा रही थी। सड़क बनाने के लिए मिट्टी भराई का कार्य भी चल रहा था।

इसके अलावा बृजेश नेहरा, अनूप सिंह, अनीता सिंह, कृष्णपाल, गौरव नेहरा, देवेंद्र सिंह, राजपाल, धीरज पाल, संदीप चौधरी के खसरा संख्या-85 में याकूतपुर मवी गांव में निवाड़ी रोड पर 7000 वर्ग मीटर में अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी।

वहीं, टीम मौके पर पहुंची तो पता चला कि दोनों जगहों पर कालोनी शुरू करने के लिए जीडीए से कोई अनुमति नहीं ली गई है। तत्काल टीम ने कालोनी की सड़क, बाउंड्रीवाल, साइट ऑफिस आदि को ध्वस्त कर दिया। इस दौरान हंगामे की स्थिति को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात रहा।

## तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से पिता की मौत, बेटा घायल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कोतवाली क्षेत्र में सोमवार दोपहर फ्लाईओवर पर तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि उसके बेटे समेत अन्य लोग घायल हो गए। हादसे के बाद अफरातफरी मच गई और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जनपद साहिबाबाद क्षेत्र के शहीद नगर निवासी हारिस ने तहरीर में बताया कि सोमवार को वह अपने पिता मोहम्मद मूसा और बड़े भाई आसिफ के साथ बाइक से शादी में शामिल होने हापुड़ आ रहा था। आगे चल रही बाइक को उसके पिता चला रहे थे, जबकि हारिस अपनी अलग बाइक से पत्नी के साथ पीछे चल रहा था। पिलखुवा टोल पार करने के बाद जैसे ही वे हापुड़ जाने वाले फ्लाईओवर पर चढ़े, तभी पीछे से आई तेज रफ्तार बाइक ने पहले हारिस की बाइक को टक्कर मारी और फिर आगे चल रही उसके पिता की बाइक में लापरवाही से टक्कर मार दी।

## युवक पर खुदकुशी के लिए उकसाने का आरोप, केस दर्ज

**हापुड़, करंट क्राइम।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में युवती की मौत के मामले में परिजनों ने गांव के ही एक युवक पर मानसिक दबाव बनाकर जान देने के लिए उकसाने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार 27 मार्च की शाम करीब सात बजे गांव की एक युवती घर के ऊपर कमरे में फंदे से लटकी मिली थी। घर पर मौजूद महिला की नजर पड़ते ही शोर मच गया और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। अगले दिन पोस्टमार्टम कराया गया, लेकिन मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका।

परिजनों के अनुसार बाद में घर की सफाई के दौरान युवती के सामान से एक मोबाइल फोन मिला। जांच करने पर पता चला कि फोन में इस्तेमाल सिम गांव के ही रहने वाले रिहान तोमर के नाम पर था। मोबाइल फोन में मिले संदेशों और कॉल के आधार पर आरोप लगाया गया कि युवक लंबे समय से युवती पर मानसिक दबाव बना रहा था और उसे जान देने के लिए उकसा रहा था। परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि युवक के अन्य युवती से भी संबंध थे। इससे विवाद की स्थिति बनी हुई थी। सीओ अनीता



चौहान ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## गाजियाबाद ओटीएस योजनाः 300 आवंटियों ने बकाया निस्तारण के लिए किया आवेदन




**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) के तहत करीब 300 आवंटियों ने आवेदन किया। इसमें विभिन्न प्रकार के बकाया भूखंड, आवास की किश्त, ब्याज, दंड शुल्क आदि लंबित हैं।

योजना के तहत आवंटियों को अधिभार एवं दंड में ओटीएस के तहत बकाया निस्तारण का सरल एवं लाभकारी विकल्प दिया गया है। उक्त जानकारी देते हुए जीडीए उपाध्यक्ष नन्द किशोर कलाल ने बताया कि यह योजना 18 अप्रैल से 17 जुलाई तक लागू रहेगी। आवेदन कर आवंटी विभिन्न वित्तीय रियायतों का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

इसके अलावा समय से निस्तारण करने वाले आवंटियों को भविष्य में होने वाली ब्याज वृद्धि एवं अन्य दंडात्मक कार्यवाहियों से भी राहत मिलेगी। उन्होंने बकायेदारों से योजना का लाभ उठाने की अपील की है।

## 29 अप्रैल को राष्ट्रीय लोकदल का किसान संवाद सम्मेलन व अभिनंदन समारोह



**हापुड़ करंट क्राइम।** राष्ट्रीय लोकदल द्वारा 29 अप्रैल को किसान संवाद सम्मेलन एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद के.सी. त्यागी नूरपुर की मडैया स्थित भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जन्मस्थली पर आयोजित किसान चौपाल को संबोधित करेंगे।

कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर हापुड़ में पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय प्रवक्ता अजय वीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि नूरपुर की मडैया में किसानों द्वारा के.सी. त्यागी का अभिनंदन किया जाएगा तथा वे किसानों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनेंगे। उन्होंने कहा कि के.सी. त्यागी भले ही विभिन्न दलों में रहे हों, लेकिन उन्होंने सदैव किसान हितों और चौधरी चरण सिंह की विचारधारा का समर्थन किया है। जिलाध्यक्ष रविंद्र प्रधान ने कहा कि के.सी. त्यागी के राष्ट्रीय लोकदल में



आने से राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह के नेतृत्व को मजबूती मिलेगी तथा किसानों से जुड़े मुद्दों को और प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा।

बैठक में अजय वीर सिंह, रविंद्र प्रधान, संजीव चौधरी, नानक चंद शर्मा, विकास चौधरी, जिलानी, सोनी सिंह, शिव कुमार रोहिला, बिजेंद्र सिंह किलहौड़ा, पवन चौधरी, मनोज तेवतिया, योगेश जाखड़, केपी सिंह, वरुण सिंह, अमर पाल सिंह और सत्येंद्र फौजी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## नोएडा के श्रमिकों पर फूटा 'टारगेट बम' ओवरटाइम बंद कर शिफ्ट सिस्टम अपना रहे उद्योग

**ग्रेटर नोएडा,करंट क्राइम।** नोएडा में श्रमिक आंदोलन ने शहर में औद्योगिक माहौल को पूरी तरह से बदल दिया है। अब छोटे उद्योगों में रोज काम करने वाले श्रमिकों और उद्यमियों में भी काम को लेकर तनाव देखने को मिल रहा है। उद्यमियों ने जहां श्रमिकों के लिए आठ में कुल उत्पादन को लेकर टारगेट निर्धारित करना शुरू कर दिया है ताकि ओवर टाइम लगाने की नौबत न आए, वहीं श्रमिकों के पाले से ओवर टाइम के घंटे दूर होते जा रहे हैं।

शिफ्ट व्यवस्था की ओर बढ़ता रुझान

इसका सीधा असर श्रमिकों के जेब पर पड़ता दिखाई दे रहा है। दरअसल, एक अप्रैल से नए वेतनमान व ओवर टाइम का डबल पेमेंट करने के निर्देश लागू करने के बाद उद्यमियों ने तय समय में अधिक उत्पादन करने पर ध्यान केंद्रित करना शुरू कर दिया है। बड़ी इकाइयों में ओवर टाइम की जगह शिफ्ट व्यवस्था की ओर अधिक रुझान दिख रहा है। कई फैक्टरियां दो या तीन शिफ्टों में काम कराने की तैयारी




कर रही हैं, ताकि उत्पादन प्रभावित न हो और अतिरिक्त ओवर टाइम का बोझ कम हो। इससे श्रमिकों को नियमित काम के घंटे मिल रहे हैं, लेकिन अतिरिक्त आय के अवसर घट गए हैं। वहीं छोटी इकाइयों में ओवर टाइम लगभग बंद हो चुका है। सीमित संसाधनों और बढ़े हुए लागत बोझ के कारण छोटे उद्यमी अतिरिक्त काम कराने से परहेज कर रहे हैं। श्रमिक राजीव का कहना है कि ओवर टाइम खत्म होने से मासिक वेतन व ओवर टाइम का गणित बिगड़ने लगा है।

**8 घंटे की शिफ्ट पर निर्भर**

पहले 10-12 घंटे काम करके अतिरिक्त कमाई करने वाले मजदूर अब तय 8 घंटे की शिफ्ट पर निर्भर हो गए हैं।

वहीं श्रमिक सुबोध कुमार का कहना है कि नया वेतनमान लागू होने के बावजूद कई श्रमिकों का कुल मासिक आय पहले से कम होने की संभावना है। ओवर टाइम कम होंगे तो कमाई भी कम होगी। इससे घर का खर्च चलाना मुश्किल होगा। उद्यमी संगठन आईईए के अध्यक्ष संजीव शर्मा का कहना है कि श्रम विभाग की ओर से निगरानी बढ़ाई गई है, ताकि नए नियमों का पालन सुनिश्चित हो। हालांकि, आने वाले दिनों में उत्पादन और रोजगार दोनों पर इसका असर स्पष्ट होगा।

## आरकेजीआईटीएम में फेयरवेल समारोह सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सजी यादगार शाम

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** आरकेजीआईटीएम, गाजियाबाद में शनिवार को फेयरवेल समारोह का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के वाइस चेयरमैन अक्षत गोयल, समूह सलाहकार डॉ. लक्ष्मण प्रसाद, छात्र कल्याण अधिष्ठाता हरि गोपाल गर्ग, निदेशक डॉ. राकेश गोयल, अधिष्ठाता (शैक्षणिक) प्रो. मनोरमा शर्मा और कैप्टन दिनिशा द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर वाइस चेयरमैन अक्षत गोयल ने छात्र-छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि परिश्रम, अनुशासन और लगन के बल पर ही जीवन में सफलता प्राप्त होती है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहकर आगे बढ़ें।

समारोह में तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं ने नृत्य, रैंप वॉक और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन





किया, जिससे पूरा वातावरण उत्साह से भर गया। कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित रैंप वॉक विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जिसमें अमन पंडित को मिस्टर फेयरवेल, पलक त्यागी को मिस फेयरवेल, ऋषभ पाठक को मिस्टर परफेक्ट, चारवी अग्रवाल को मिस परफेक्ट, यश प्रकाश को मिस्टर कॉन्फिडेंट और दिव्यांशी शर्मा को मिस कॉन्फिडेंट चुना गया।

कार्यक्रम के अंत में संस्थान के चेयरमैन दिनेश कुमार गोयल ने सभी छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि वे अपने कार्य को पूरी निष्ठा और मेहनत के साथ करें तथा जीवन में निरंतर आगे बढ़ते रहें।

## जापानी सिटी बनाने के लिए प्राधिकरण ने शुरू की जमीन की खरीद

**नोएडा।** यमुना सिटी के सेक्टर-5ए में जापानी सिटी के विकास के लिए जमीन खरीदने की कार्यवाही यीडा ने शुरू की है। यहां नीमराणा की तर्ज पर जापानीज औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जाना है। इसमें जापान के निवेशकों के लिए उनकी जरूरत के मुताबिक आवासीय, औद्योगिक और व्यावसायिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। अधिकारियों का कहना है कि सेक्टर-5ए के लिए भीकनपुर की जमीनों की खरीद होनी है। इसके लिए सार्वजनिक नोटिस भी जारी कर दिया गया है, जिससे किसानों की सहमति से जमीन मिल सके। पूरे सेक्टर-5 और सेक्टर-5ए में यहां की जमीनों का उपयोग होना है। सेक्टर-5 भी आवासीय सेक्टर होगा जिसमें जल्दी ही भूखंड योजना लांच की जाएगी। सबसे महत्वपूर्ण सेक्टर-5ए में जापानी सिटी का विकास ही है जिसमें निवेशकों की संस्कृति को ध्यान में रखते हुए मिनी जापान का विकास यहां किया जाएगा। पिछले दिनों जापान के दौरे के समय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जापानीज सिटी की योजना की घोषणा की थी।

## गाजियाबाद में विकास पर सवाल पुलिस कमिश्नरेट की पहल सराहनीय

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं समाजसेवी अजय गुप्ता ने पिछले तीन वर्षों में गाजियाबाद के समग्र विकास को लेकर सवाल उठाए हैं।




उन्होंने कहा कि पूर्व सांसद जनरल वी.के. सिंह के कार्यकाल में लंबित विकास फाइलों के अलावा ठोस प्रगति का अभाव देखने को मिला। हालांकि, शहर में यदि किसी क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, तो वह गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के प्रयासों से हुआ है। कमिश्नरेट द्वारा अधिकांश थानों का हाईटेक सौंदर्यीकरण किया गया है।

साथ ही, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी आम जनता की शिकायतों को गंभीरता से सुनकर उनका शीघ्र समाधान करने का प्रयास कर रहे हैं। इसका सकारात्मक प्रभाव नागरिकों के बीच स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। इन प्रयासों के लिए पुलिस कमिश्नर और उनकी पूरी टीम को बधाई दी गई है।




## आज लाइन में दिखेगा अनुशासन-लगन और संघर्ष का मेल

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में आज रविवार के दिन लाइन में नए पुलिसकर्मी जो आज से गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस का हिस्सा हो जाएंगे। उनकी पासिंग आउट परेड है, तो पुलिस लाइन में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम के लिए पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारियों ने काफी मेहनत की है। तो वही सूत्र बता रहे हैं कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जितना बड़े साहब का योगदान है, उतना ही नदिया पार के एक साहब ने भी योगदान दिया है। सुनने में आ रहा है कि इस कार्यक्रम से पहले भी कई कार्यक्रमों की उन्हीं ने व्यवस्था करवाई और इस कार्यक्रम को भी शानदार सफल बनाने में उनका योगदान रहा है। इन सबके बीच जिस तरीके से शुक्रवार को लाइन में सामूहिक भोजन का कार्यक्रम हुआ था, उसमें उन नए सिपाहियों की वीडियो वायरल होना शुरू हो



गई है, जो यहां ट्रेनिंग में थे। सूत्र बताते हैं की ट्रेनिंग के दौरान इनको सोशल मीडिया और पुलिस मुख्यालय के दिशा-निर्देशों से भी अवगत कराया गया था। बावजूद उसके जिस तरीके से अलग-अलग सोशल मीडिया पर वीडियो आ रही हैं, उसपर सवाल उठ रहा है। उधर जानकारी यह मिली है कि इन पुलिसकर्मियों को जल्द ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में ज्वाइन कर दिया जाएगा। इसके बाद यहां का फोर्स बढ़ जाएगा और जो 23 बैच वाले बाइक और अन्य काम कर रहे थे, उसमें थोड़ा उनको राहत मिल जाएगी। इन सबके बीच सूत्र बता रहे हैं कि कार्यक्रम में पुलिसकर्मियों का अनुशासन, लगन और संघर्ष का मेल भी दिखाया जाएगा। तो यहां पर सांस्कृतिक और अपनी कलात्मक प्रस्तुतियां भी प्रदर्शित करने का काम करेंगे। कार्यक्रम शीर्ष में अधिकारियों की उपस्थिति रहेगी, तो कई अन्य महत्वपूर्ण अतिथि भी शामिल किए जाएंगे। उधर सूत्र बता रहे हैं कि प्रोटोकॉल वाले साहब के कार्यालय को दोबारा से एक्टिव कर दिया गया है। कार्यक्रम के निमंत्रण से लेकर अंन्य तैयारियां उनके द्वारा ही किए गए हैं। उधर जानकारी यह है कि सोमवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में सबसे अटेंशन और टेंशन वाले थाने का बड़ा खाना है। बताया जा रहा है कि उसमें लंबा दस्तरखान सजेगा, तो विभिन्न प्रकार के भोज और पकवान भरोसे जाएंगे। वैसे कार्यक्रम में कई ऐसे चेहरे भी नजर आएंगे जो कमिश्नरेट ही नहीं उनकी प्रदेश में शान रहती है। कुल मिलाकर देखना होगा कि अंतिम फाइनल लिस्ट कब आती है और उसके बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में किन थाना प्रभारियों के फेस बदले जाते हैं। वैसे बताया जा रहा है कि सिटी में एक सर्किल के एसीपी और वहां के थाना प्रभारी की एक बड़ी जांच के कारण आने वाले दिनों में टेंशन और बढ़ेगी।

## वार्षिक हिन्दी नाट्य समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न

गाजियाबाद करंट क्राइम। नेहरू वर्ल्ड स्कूल में वार्षिक हिन्दी नाट्य समारोह बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शिक्षाविद, खेलों की समर्थक एवं समाजसेवी शालिनी सिंह रहीं, जो वर्तमान में नोएडा सिटीजन फोरम की कार्यकारी अध्यक्ष हैं। उनका हाल ही में प्रकाशित कविता संग्रह 'बेबाक हूँ बेअदब नहीं' भी चर्चा में है। इस अवसर पर विद्यालय के पूर्व विद्यार्थी भी उपस्थित रहे, जिन्होंने 11 वर्ष पूर्व इसी नाटक का सफल मंचन किया था। 'बोल' नामक नाटिका के माध्यम से विद्यार्थियों में देशभक्ति और स्वदेशी की भावना जागृत करने का संदेश दिया गया। औपनिवेशिक काल की पृष्ठभूमि पर आधारित इस





नाटक में उन लोगों के संघर्ष को दशार्या गया, जिनकी आवाजें दबाई गईं, लेकिन वे कभी खामोश नहीं हुईं। नाटिका का आधार मुंशी प्रेमचंद की कहानी 'जुलूस' रही, जिसमें फैज अहमद फैज की प्रसिद्ध कविता 'बोल कि लब आजाद हैं तेरे' को भी प्रभावी ढंग से शामिल किया गया।

## बियोंड इमीग्रेशन प्राइवेट लिमिटेड ने किया स्टडी एब्रॉड मेले का आयोजन






**गाजियाबाद करंट क्राइम।** बियोंड इमीग्रेशन प्राइवेट लिमिटेड की ओर से शनिवार को आरडीसी में स्टडी एब्रॉड मेले का आयोजन किया गया। मेले में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस मेले में विदेश में पढ़ाई की चाहत रखने वाले छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया गया एवं विभिन्न देशों में प्रोफेशनल कोर्सेज के बारे में जानकारी दी गई। बियोंड इमीग्रेशन प्राइवेट लिमिटेड के अध्यक्ष आकाश त्यागी ने बताया कि मेले में विदेश के 30 से ज्यादा यूनिवर्सिटीज के प्रतिनिधियों ने काउंसलिंग, स्कॉलरशिप एवं ऑन द स्पॉट एडमिशन के बारे में विस्तार से बताया। इनमें यूनाइटेड किंगडम, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, यूएई और अमेरिका की यूनिवर्सिटीज के प्रतिनिधि शामिल हुए।

### कई विदेशी यूनिवर्सिटीज के प्रतिनिधि हुए शामिल

उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं ने विदेशी यूनिवर्सिटी के कोर्सेज में एडमिशन लेने के लिए काफी दिलचस्पी दिखाई।

छात्र-छात्राओं को विदेशी यूनिवर्सिटीज में इंफ्रास्ट्रक्चर, कोर्सेज और स्कॉलरशिप के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इन देशों की यूनिवर्सिटी में भारतीय छात्राओं के लिए कई तरह की सुविधा एवं रियायतें दी जाती है। आकाश त्यागी ने बताया कि बियोंड इमीग्रेशन प्राइवेट लिमिटेड की ओर से इलिंगुआ इंटरनेशनल स्कूल ऑफ लैंग्वेज के साथ पार्टनरशिप की गई है। इस पार्टनरशिप के माध्यम से विदेश में अध्ययन के लिए तैयारी एवं आईईएलटीएस की गहराई से जानकारी दी जाएगी। इस पार्टनरशिप से छात्र-छात्राओं को बहुत अधिक लाभ मिलेगा।

इसके द्वारा इंग्लिश आईईएलटीएस, ऑनलाइन लर्निंग, इंटरव्यू स्किल्स, फॉरेन लैंग्वेज, प्रेजेंटेशन स्किल एवं ईमेल राइटिंग स्किल्स को विकसित करने में मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा कि स्टडी एब्रॉड में टॉप पब्लिक एंड प्राइववट यूनिवर्सिटीज के बारे में गहराई से जानकारी दी गई इनमें फी स्ट्रक्चर, काउंसलिंग, सेमिनार, लर्निंग एलिजिबिलिटी, वीजा एवं अकोमोडेशन के बारे में बताया गया।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व सांसद डॉक्टर अनिल अग्रवाल राजनीति के साथ-साथ खेल में भी रुचि रखते हैं। एचआरआईटी में आयोजित खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को उन्होंने सम्मानित किया। खिलाड़ियों का और अधिक मनोबल बढ़ाते हुए इस पल को उन्होंने फेसबुक पोस्ट पर साझा किया। पूर्व सांसद डॉक्टर अनिल अग्रवाल की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# ईरान के विदेश मंत्री ने मुनीर से की मुलाकात

## अमेरिका से बातचीत पर संशय, अराघची बोले- नहीं होगी परमाणु वार्ता

**इस्लामाबाद।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने इस्लामाबाद में पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर से मुलाकात की। ईरान ने स्पष्ट किया है कि यह दौरा केवल द्विपक्षीय संबंधों के लिए है। परमाणु वार्ता पर कोई बात नहीं होगी। वहीं, व्हाइट हाउस के अनुसार अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दामाद जेरेड कुशनर भी पाकिस्तान जा रहे हैं।



अमेरिका और ईरान के बीच चल रही तनातनी और बातचीत की अटकलों के बीच एक बड़ी खबर सामने आई है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने शनिवार, 25 अप्रैल को पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में पाकिस्तानी सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर से मुलाकात की है। यह अहम मुलाकात ऐसे समय में हो रही है जब अमेरिका के साथ दूसरे दौर की बातचीत को लेकर पूरी दुनिया में भारी सस्पेंस बना हुआ है।

इस मुलाकात को लेकर ईरान ने अपनी स्थिति बिल्कुल साफ कर दी है। ईरान की राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के प्रमुख इब्राहिम अजीजी ने स्पष्ट किया है कि अराघची के पाकिस्तान दौरे का परमाणु वार्ता से कोई लेना-देना नहीं है। खुद अराघची ने भी बताया है कि उनकी इस यात्रा का मुख्य मकसद द्विपक्षीय मामलों पर अपने सहयोगियों के साथ तालमेल बिठाना और क्षेत्रीय विकास पर चर्चा करना है। पाकिस्तान के बाद वह ओमान और रूस की यात्रा पर भी जाएंगे। ईरानी अधिकारियों का कहना है कि अमेरिका के वातार्कारों के साथ सीधे तौर पर कोई भी बैठक तय नहीं है।

### क्या परमाणु कार्यक्रम पर समझौता करेगा ईरान

ईरान ने साफ कर दिया है कि वह अपने परमाणु कार्यक्रम पर कोई समझौता नहीं करेगा। अजीजी ने जोर देकर कहा कि यह दौरा सिर्फ द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा के लिए है। उन्होंने आगे कहा कि परमाणु गतिविधियों के बारे में कोई भी बातचीत ईरान के लिए एक 'रेड लाइन' यानी सख्त मनाही है। दूसरी ओर, अमेरिका लगातार यह मांग कर रहा है कि युद्ध को समाप्त करने के लिए किसी भी शांति समझौते के तहत ईरान को अपना परमाणु कार्यक्रम हर हाल में रोकना होगा।

**ट्रंप ने ईरान को लेकर क्या दावा किया?**

इस पूरे कूटनीतिक घटनाक्रम के बीच, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का भी एक अहम बयान सामने आया है। शुक्रवार को ट्रंप ने दावा किया था कि ईरान की तरफ से एक प्रस्ताव आया है और हमें देखना होगा कि आगे क्या होता है। हालांकि, ट्रंप ने इस कथित प्रस्ताव के बारे में कोई विशेष जानकारी नहीं दी। उन्होंने आगे बस इतना कहा कि उनकी टीम उन लोगों के साथ बातचीत कर रही है जो अभी वहां के प्रभारी हैं।

### अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल भी पाकिस्तान पहुंच रहा

भले ही ईरान ने अमेरिका से किसी भी तरह की बातचीत से साफ इनकार किया है, लेकिन व्हाइट हाउस ने एक बड़ा खुलासा किया है। व्हाइट हाउस ने पुष्टि की है कि अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और मौजूदा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दामाद जेरेड कुशनर भी ईरान वार्ता के लिए शनिवार को पाकिस्तान जा रहे हैं। इतना ही नहीं, अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, जिन्होंने बातचीत के पहले दौर का नेतृत्व किया था, वह भी इस अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल में शामिल होने के लिए स्टैंडबाय (तैयार) पर हैं।

# इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने पहने भारतीय झुमके, इस्टा पर शेयर की सेल्फी

**इटली।** इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी की एक हालिया सेल्फी सोशल मीडिया पर वायरल हो गई, जिसमें वह पारंपरिक भारतीय झुमका ईयररिंग्स पहने नजर आईं। उनके इस अंदाज ने भारतीय यूजर्स का ध्यान खींचा और सोशल मीडिया पर प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ गई।



इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी एक बार फिर सोशल मीडिया पर चर्चा का केंद्र बन गई हैं। इस बार वजह कोई राजनीतिक बयान या अंतरराष्ट्रीय मुद्दा नहीं, बल्कि उनका फैशन स्टाइल है। इटली की प्रधानमंत्री की ओर से शेयर की गई एक हालिया सेल्फी ने भारतीय सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी, क्योंकि तस्वीर में वह पारंपरिक भारतीय झुमका ईयररिंग्स पहने नजर आईं।

मेलोनी ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर यह सेल्फी पोस्ट की, जिसमें वह बेहद सधे और औपचारिक विंटर लुक में दिखाई दीं। उन्होंने चारकोल रंग का शार्प टेलर्ड ब्लेजर पहना था, जिसे बेज निट टॉप के साथ स्टाइल किया गया था। उनका पूरा लुक क्लासी और पॉलिश्ड नजर आ रहा था, लेकिन सबसे ज्यादा ध्यान उनके एक्सेसरीज ने खींचा। तस्वीर में वह खूबसूरत पारंपरिक झुमके पहने दिखीं, जिनमें नाजुक घुंघरू शैली की बारीक कारीगरी नजर आई। यही डिजाइन भारतीय यूजर्स की नजरों से बच नहीं सकी और कुछ ही देर में यह तस्वीर वायरल हो गई।

**पोस्ट में मेलोनी ने दिया सख्त राजनीतिक संदेश**

पोस्ट के साथ मेलोनी ने एक सख्त राजनीतिक संदेश भी साझा किया, जिसमें उन्होंने प्रचार, स्वतंत्रता और इटली के राष्ट्रीय हितों का जिक्र किया। हालांकि इंटरनेट पर लोगों का ध्यान उनके राजनीतिक संदेश से ज्यादा उनके झुमकों पर गया। सोशल मीडिया पर कुछ ही मिनटों में भारतीय यूजर्स ने कमेंट सेक्शन भर दिया और इस अनोखे फैशन मोमेंट पर अपनी प्रतिक्रियाएं देनी शुरू कर दीं।

**विश्व में भारत की बढ़ती सांस्कृतिक ताकत**

कई यूजर्स ने इसे भारत की बढ़ती सांस्कृतिक ताकत और वैश्विक प्रभाव का संकेत बताया। लोगों ने कहा कि भारतीय पारंपरिक आभूषण अब दुनिया के बड़े नेताओं तक पहुंच रहे हैं। वहीं कुछ लोगों ने हल्के-फुल्के अंदाज में मजेदार मीम्स बनाते हुए कहा कि मेलोनी ने अब बॉलीवुड स्टाइल पावर ड्रेसिंग अपना ली है। कुछ यूजर्स ने यह भी लिखा कि भारतीय झुमकों की खूबसूरती ऐसी है कि दुनिया भर में कोई भी उनसे प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकता।

# अमेरिका-ईरान वार्ता पर सस्पेंस कायम

**इस्लामाबाद।** इस्लामाबाद में सुरक्षा लॉकडाउन और अमेरिका-ईरान वार्ता को लेकर बनी अनिश्चितता ने क्षेत्रीय राजनीति को एक बार फिर चर्चा में ला दिया है। आने वाले दिनों में स्थिति स्पष्ट होने की उम्मीद की जा रही है।



पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में पिछले एक सप्ताह से कड़ा सुरक्षा लॉकडाउन जारी है, जिससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। इसी बीच अमेरिका और ईरान के बीच संभावित दूसरे दौर की वार्ता को लेकर स्थिति और भी अस्पष्ट बनी हुई है। शहर के प्रमुख मार्गों को पूरी तरह सील कर दिया गया है, जबकि ह्यरेड जोनह्न क्षेत्र, जहां सरकारी इमारतें और विदेशी दूतावास स्थित हैं, वहां सुरक्षा व्यवस्था बेहद सख्त कर दी गई है। इससे शहर लगभग ठहर सा गया है।

इस्लामाबाद के व्यावसायिक इलाके ह्यब्लू एरियाह्न में बाजार सुनसान हैं। कैफे में सामान की कमी देखी जा रही है और सार्वजनिक परिवहन पूरी तरह ठप है। बस सेवाएं बंद होने से लोग अपने गंतव्यों तक पहुंचने के लिए परेशान हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, सबसे बड़ी समस्या अनिश्चितता बन गई है, जिससे दैनिक जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

**दूसरी बार लॉकडाउन की स्थितिः** यह इस्लामाबाद में कुछ ही हफ्तों के भीतर दूसरी बार लॉकडाउन है। इससे पहले 11 अप्रैल को अमेरिका और ईरान की बातचीत के दौरान भी शहर को सील किया गया था, जो किसी समझौते के बिना समाप्त हो गई थी। इसके बाद कुछ समय के लिए प्रतिबंध हटाए गए थे, लेकिन फिर से कूटनीतिक गतिविधियों के चलते शहर को बंद करना पड़ा।

# पाकिस्तान में प्रेस की आजादी पर गहराया संकट

**इस्लामाबाद।** क्या खुद को शांतिदूत बताने वाला पाकिस्तान अपनी ही आवाम के गुस्से से खौफजदा है? आखिर 'न्यूयॉर्क टाइम्स' की उस खबर में ऐसा क्या था, जिसे पाकिस्तानी हुकूमत ने छपने नहीं दिया? क्या सरकार अपनी दोहरी कूटनीति को दुनिया से छिपाना चाहती है? आइए, इस खबर में सभी सवालों के जवाब को विस्तार से समझते हैं।

खुद को शांति दूत बताने वाले पाकिस्तान की पोल एक बार फिर खुल गई है। अमेरिका ईरान युद्ध के बीच सुलह कराने के लिए बेताब पाकिस्तान अपनी दुनिया के सामने अपनी चमक दिखाने के लिए खुद की आवाम को भी नहीं छोड़ रहा। इतना ही नहीं, हद तो तब हो गई। जब पाकिस्तान की हुकूमत ने खुद को किरकिरी से बचाने के लिए न्यूयॉर्क टाइम्स की एक खबर को छपने से रुकवा दिया। इसके बाद उस अंतर्राष्ट्रीय अखबार ने खबर की जगह खाली पन्ना छोड़ दिया। पाकिस्तान की एक महिला पत्रकार ने अखबार एक्स पर उसकी तस्वीर साझा कर दी। इसके बाद से सोशल मीडिया पर वह तस्वीर बहुत तेजी से वायरल होने लगी। ऐसे में इस रिपोर्ट में जानेंगे कि आखिर इस रिपोर्ट में क्या था। क्यों पाकिस्तानी हुकूमत ने इसे छपने से रुकवाया?



पत्रकार अलिफिया सोहेल द्वारा शेयर की गई एक पोस्ट में बताया गया है कि अखबार के जिस हिस्से को खाली छोड़ा गया है, वहां पहले एक महत्वपूर्ण रिपोर्ट छपी थी। यह रिपोर्ट इस बारे में थी कि पाकिस्तान का शिया समुदाय अमेरिका और इस्राइल के बीच चल रहे संघर्ष और देश के कूटनीतिक रुख को किस नजरिए से देखता है। दावे में कहा गया है कि अधिकारियों ने इस विवादास्पद खबर को आम लोगों तक पहुंचने से रोकने के लिए इसे अखबार से हटवा दिया। वायरल तस्वीर में साफ देखा जा सकता है कि मुख्य सुर्खियों और तस्वीरों के ठीक नीचे एक बड़ी जगह खाली है, जबकि बाकी पन्ने पर ईरान और यूक्रेन जैसे वैश्विक मुद्दों की खबरें मौजूद हैं। वह रिपोर्ट जिसे पाकिस्तान में नहीं छपने दिया

'द न्यूयॉर्क टाइम्स' की जिस रिपोर्ट को पाकिस्तान में छापने से रोका गया, वह मुख्य रूप से पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध को लेकर पाकिस्तान के शिया समुदाय के बढ़ते गुस्से पर केंद्रित थी।

इसके अलावा, इस लेख में युद्ध के कारण पाकिस्तान में फिर से सांप्रदायिक हिंसा भड़कने की आशंका जताई गई थी। रिपोर्ट में उन घटनाओं का विशेष रूप से जिक्र था जब अमेरिका और इस्राइल द्वारा ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के बाद पूरे पाकिस्तान में हिंसक प्रदर्शन हुए थे। इसमें कराची में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास पर प्रदर्शनकारियों का हमला (जिसमें मरीन कमांडो की फायरिंग में 10 लोग मारे गए), इस्लामाबाद में राजनयिक क्षेत्र की ओर मार्च और स्कार्दू में संयुक्त राष्ट्र कार्यालय की इमारत में आगजनी जैसी घटनाओं का विवरण शामिल था, जो देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए एक बड़ी चुनौती बन गई हैं।

# लुइसियाना मॉल गोलीबारी: पुलिस ने एक शख्स को किया गिरफ्तार, दूसरा फरार

**नई दिल्ली।** लुइसियाना के अधिकारियों ने एक 17 वर्षीय लड़के पर हत्या का आरोप लगाया है और वे एक अन्य संदिग्ध की तलाश कर रहे हैं। गुरुवार को बैटन रूज के एक मॉल में हुई गोलीबारी में राहगीर भी फंस गए थे, जिसमें एक किशोरी की मौत हो गई थी। शुक्रवार को एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान, लुइसियाना के गवर्नर जेफ लैंड्री ने राजधानी शहर को त्रस्त करने वाली गिरोह हिंसा पर नकेल कसने का संकल्प लिया।



अपराध के प्रति सख्त रुख रखने वाले राज्यपाल ने कहा कि उन्होंने एफबीआई निदेशक काश पटेल से बात की है और उन्होंने इस मुद्दे से निपटने के लिए राज्य, स्थानीय और संघीय संसाधनों का उपयोग करने का वादा किया है और कहा है कि इसके परिणाम ₹तुरंत महसूस होने लगेंगे।

# माली की राजधानी में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास गोलीबारी की आवाज




**अफ्रीका।** पश्चिम अफ्रीकी देश माली की राजधानी में स्थित मुख्य अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास गोलीबारी की आवाजें सुनाई देने से हड़कंप मच गया। एपी के अनुसार, स्थानीय पत्रकारों और निवासियों ने बताया कि राजधानी में स्थित हवाई अड्डे के आसपास अचानक फायरिंग की आवाजें सुनी गईं, जिससे लोग दहशत में आ गए।

गोलीबारी की आवाजों के बाद आसपास के इलाकों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अचानक हुई आवाजों से लोग सुरक्षित स्थानों की ओर भागने लगे। हालांकि अभी तक इस घटना को लेकर आधिकारिक तौर पर विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है। प्रशासन की ओर से घटना की जांच की जा रही है। सुरक्षा एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि गोलीबारी किस कारण हुई और इसके पीछे कौन लोग शामिल थे।

## अमेरिकी युद्धपोत वरर राफेल पेराल्टा ने ईरानी जहाज को रोका

**फ्लोरिडा।** सेंटकॉम ने पुष्टि की है कि अमेरिकी गाइडेड-मिसाइल डिस्ट्रॉयर वरर राफेल पेराल्टा ने एक बड़े समुद्री नाकाबंदी अभियान के दौरान ईरान के झंडे वाले एक जहाज को रोक लिया।

अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने पुष्टि की है कि अमेरिकी नौसेना के गाइडेड-मिसाइल डिस्ट्रॉयर वरर राफेल पेराल्टा (उ्रूक्ष्र्115) ने एक ईरानी झंडे वाले जहाज को समुद्र में रोक दिया है। यह कार्रवाई एक विशेष समुद्री मिशन के तहत की गई, जिससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तनाव एक बार फिर बढ़ गया है। अमेरिकी नौसेना के अनुसार, 24 अप्रैल को इस जहाज की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी। रिपोर्ट में दावा किया गया कि यह जहाज ईरान के बंदरगाह की ओर जा रहा था, जिसके बाद उसे रोकने का निर्णय लिया गया। इसके बाद अमेरिकी युद्धपोत ने तुरंत कार्रवाई करते हुए जहाज को रोका और बोर्डिंग के जरिए उसकी जांच शुरू की।

# बांग्लादेश में आतंकी हमले की आशंका: खुफिया एजेंसियों ने दी चेतावनी

**ढाका।** बांग्लादेश में खुफिया जानकारी के आधार पर जारी किया गया आतंकी हमले का अलर्ट, संभावित खतरों से निपटने के लिए सुरक्षा एजेंसियों को सक्रिय करने का एक महत्वपूर्ण कदम है। बता दें कि, पिछले कुछ वर्षों में देश में चरमपंथी गतिविधियों में वृद्धि को देखते हुए, ये सतर्कता काफी जरूरी है।

बांग्लादेश पुलिस ने देश भर में महत्वपूर्ण ठिकानों पर संभावित आतंकवादी हमलों को लेकर राष्ट्रीय सुरक्षा अलर्ट जारी किया है। इस अलर्ट में संसद परिसर, पूजा स्थलों, मनोरंजन सुविधाओं, और सैन्य व पुलिस प्रतिष्ठानों को संभावित लक्ष्यों के रूप में चिह्नित किया गया है। आर्मरियों को विशेष रूप से खतरे में बताया गया है। यह अलर्ट खुफिया रिपोर्टों के आधार पर जारी किया गया है और इसे तत्काल और गोपनीय बताया गया है। पुलिस मुख्यालय के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर इसकी पुष्टि की।



**अलर्ट के पीछे की क्या है वजहः** सूत्रों के अनुसार, यह अलर्ट हाल ही में एक प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन के सदस्य इस्तिक अहमद सामी उर्फ अबू बकर की गिरफ्तारी के बाद जारी किया गया है। बताया जा रहा है कि वह दो बर्खास्त सैन्य कर्मियों के संपर्क में था। रिपोर्टों में संभावित हमलों के पीछे दो कथित प्रमुख योजनाकारों की प्रोफाइल भी शामिल है, हालांकि किसी विशेष संगठन का नाम नहीं लिया गया है। संदिग्धों को देश की समग्र सुरक्षा के लिए 'अत्यंत खतरनाक' बताया गया है।

### सुरक्षा एजेंसियों को क्या दिया गया निर्देश?

पुलिस मुख्यालय ने आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी), विशेष शाखा (एसबी), और आतंकवाद निरोधक और अंतर्राष्ट्रीय अपराध इकाई (सीटीटीसी) सहित विशेष पुलिस इकाइयों को सतर्कता बढ़ाने का निर्देश दिया है। देश भर की नियमित पुलिस को भी उच्च अलर्ट पर रहने के लिए कहा गया है। एक पश्चिमी जिले के पुलिस प्रमुख ने इस पत्र की प्राप्ति की पुष्टि की और बताया कि उनके अधिकार क्षेत्र के स्टेशनों में सुरक्षा उपायों को कड़ा कर दिया गया है।

जेल महानिरीक्षक ब्रिगेडियर जनरल सैयद मोताहेर हुसैन ने बताया था कि हिंसा के दौरान लगभग 2,700 कैदी फरार हुए थे, जिनमें से लगभग 700 अभी भी फरार हैं। उन्होंने कहा था कि फरार लोगों में कई आतंकवादी शामिल थे, और जेल गार्डों से हथियार भी लूटे गए थे। जुलाई 2024 में नरसिंग्डी की एक जेल पर हुए हमलों में 800 से अधिक कैदी फरार हुए थे, और कासिमपुर उच्च सुरक्षा जेल में 200 से अधिक कैदी गार्डों को बंधक बनाने के बाद भाग गए थे।

### जुलाई विद्रोह के बाद बांग्लादेश में बढ़ी चरमपंथी ताकतें

बांग्लादेश ने पिछले 18 महीनों के दौरान, विशेष रूप से जुलाई-अगस्त 2024 में 'जुलाई विद्रोह' नाम के हिंसक छात्र-नेतृत्व वाले विरोध प्रदर्शनों के बाद पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की आवामी लीग सरकार के उखाड़ फेंके जाने और मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के दौरान चरमपंथी ताकतों में बढ़ोतरी देखी है। अधिकारियों ने पहले बताया था कि जुलाई विद्रोह के दौरान हुई जेल तोड़फोड़ की घटनाओं के बाद से मौत की सजा पाए कैदियों और इस्लामी चरमपंथियों सहित सैकड़ों कैदी फरार हैं। कुछ प्रतिबंधित संगठनों के जेल में बंद नेताओं, जिनमें अंसारुल्लाह बांग्ला टीम के प्रमुख जसीमउद्दीन रहमानी भी शामिल हैं, को अंतरिम अवधि के दौरान जमानत पर रिहा किया गया था।

## किस हाल में मोजतबा खामेनेई: यूएस-इस्राइल के हमले में कितना हुआ शरीर को नुकसान

**ईरान।** 28 फरवरी को अमेरिका और इस्राइल की तरफ से ईरान पर हमला बोला गया था। इस हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई से लेकर ईरान के राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रमुख और कई अन्य सैन्य अफसरों की मौत हो चुकी है। हालांकि, इसके बावजूद ईरान की सेना और शासन पहले की तरह ही मजबूती से अमेरिका-इस्राइल का सामना करने में सक्षम रही है और उसका शासन भी अब तक सही-सलामत खड़ा है।

# एच-1बी वीजा में कटौती की तैयारी: अमेरिका में ट्रंप के करीबी लाए नया विधेयक

**वाशिंगटन।** रिपब्लिकन सांसदों के एक समूह ने एच-1बी वीजा जारी करने पर तीन साल के लिए रोक लगाने और कार्यक्रम में सुधार करने के लिए एक विधेयक पेश किया है। इन प्रतिनिधियों का तर्क है कि एच-1बी वीजा से अमेरिकी श्रमिकों को नुकसान हुआ है। सांसद एली क्रेन की ओर से प्रस्तावित एंड एच-1बी वीजा एब्यूज एक्ट ऑफ 2026 का मकसद वीजा प्रणाली को फिर से शुरू करने से पहले उसमें सुधार करना और सख्त नियमों को लागू करना है।




अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में बीते एक वर्षों में विदेशियों के प्रवास का मुद्दा गमार्या हुआ है। आलम यह है कि ट्रंप प्रशासन न सिर्फ अवैध प्रवासियों, बल्कि अब वैध तौर पर अमेरिका में काम के लिए जाने वाले लोगों को भी निशाना बनाने में जुटा है। इसी कड़ी में ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी के कुछ सांसद अमेरिकी संसद में एक विधेयक लेकर आए हैं, जिसमें उच्च-कौशल वाले दूसरे देशों के नागरिकों को अमेरिका में रहने की सुविधा देने वाले एच-1बी वीजा पर रोक लगाना प्रस्तावित है। माना जा रहा है कि रिपब्लिकन पार्टी का यह कदम मुख्यतः भारत और चीन के नागरिकों को अमेरिका में नौकरी करने से रोकने के मकसद से लाया गया है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर यह कदम अगर सफल हुआ तो इसका नुकसान दूरगामी हो सकता है।

**क्या है अमेरिकी संसद में लाया गया नया विधेयकः एंड एच-1बी वीजा अब्यूज एक्ट, 2026?**

एंड एच-1बी वीजा अब्यूज एक्ट, 2026 (एल्लि ल्ह-1इ ५्रिं अु४री अू३ ड्ड्ढा 2026) अमेरिकी संसद (कांग्रेस) में एरिजोना के रिपब्लिकन सांसद एली क्रेन और उनके अन्य रिपब्लिकन सहयोगियों (जैसे ब्रायन बाबिन, पॉल गोसर आदि) की तरफ से पेश किया गया एक सख्त आव्रजन (इमिग्रेशन) विधेयक है। इस विधेयक का मकसद अमेरिकी नागरिकों की नौकरियों को सुरक्षित करना बताया गया है।

**एच-1बी वीजा पर तीन साल की रोकः** नए एच-1बी वीजा जारी करने पर तत्काल प्रभाव से तीन साल का प्रतिबंध लगाना। इस रोक के दौरान मौजूदा एच-1बी वीजा धारकों से धीरे-धीरे अमेरिका छोड़ने की अपेक्षा की जाएगी।

**वीजा सीमा में भारी कटौतीः** एच-1बी वीजा की सालाना कैप (सीमा) को वर्तमान 65,000 से घटाकर सिर्फ 25,000 कर दिया जाएगा।

**न्यूनतम वेतन को और बढ़ानाः** एच-1बी वीजा कर्मचारियों के लिए न्यूनतम वेतन की सीमा को बढ़ाकर दो लाख डॉलर (लगभग 1.87 करोड़ रुपये) प्रति वर्ष करने का प्रस्ताव है।

**आश्रितों को लाने पर पाबंदीः** एच-1बी वीजा धारकों को अपने आश्रितों और जीवनसाथी को अमेरिका लाने से रोका जाएगा और इसके तहत मिलने वाले एच-4 वीजा प्रोग्राम को पूरी तरह बंद करने का भी प्रस्ताव रखा गया है।

**लॉटरी सिस्टम की जगह वेतन-आधारित चयनः** वीजा देने की मौजूदा लॉटरी प्रणाली को खत्म करके इसकी जगह वेतन-आधारित चयन प्रणाली को लागू किया जाएगा।

**ग्रीन कार्ड पर रोकः** एच-1बी धारकों को अपना वीजा स्टेटस बदलकर स्थायी निवास (ग्रीन कार्ड) हासिल करने से रोक दिया जाएगा।

**ओपीटी कार्यक्रम का खात्माः** अंतरराष्ट्रीय छात्रों को ग्रैजुएशन पूरा होने के बाद अमेरिका में काम करने की अनुमति देने वाले ऑप्शनल प्रैक्टिकल ट्रेनिंग (ओपीटी) कार्यक्रम को भी खत्म करने की बात विधेयक में कही गई है।

**नौकरी देने वालों के लिए कड़े नियमः** नौकरी देने वाली कंपनियों को यह प्रमाणित करना अनिवार्य होगा कि उन्हें इस पद के लिए कोई योग्य अमेरिकी नागरिक नहीं मिला है और उन्होंने कर्मचारियों की छंटनी नहीं की है।

**$100,000 की फीस को स्थायी करनाः** विदेशी कर्मचारियों को काम पर रखने के लिए पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से प्रस्तावित 100,000 डॉलर की भारी फीस को स्थायी रूप से लागू करने का भी प्रस्ताव है।

**संघीय एजेंसियों पर भी लागू होगा प्रतिबंधः** अमेरिका की संघीय एजेंसियों को अप्रवासी श्रमिकों को स्पॉन्सर करने या काम पर रखने से रोका जाएगा।

# इंडो-पैसिफिक में बढ़ी ताकत: भारत-अमेरिका साझेदारी गहरी

## सीडीएस अनिल चौहान की बैठक से रक्षा सहयोग को नया आयाम

**वॉशिंगटन।** भारत और अमेरिका ने इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में शांति और सुरक्षा को लेकर अपनी रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने पर जोर दिया। सीडीएस अनिल चौहान की अहम बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा हुई।



भारत और अमेरिका के बीच रणनीतिक साझेदारी लगातार मजबूत होती जा रही है। इसी कड़ी में भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने अमेरिकी इंडो-पैसिफिक कमांड के वरिष्ठ अधिकारी जनरल केविन बी. श्नाइडर के साथ अहम बैठक की। इस बैठक में दोनों देशों ने इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में शांति, स्थिरता और सुरक्षा बनाए रखने के लिए अपनी साझा प्रतिबद्धता को दोहराया। साथ ही, क्षेत्रीय सुरक्षा को लेकर सहयोग को और गहरा करने पर जोर दिया गया।

### इंडो-पैसिफिक में बढ़ती साझेदारी

बैठक के दौरान भारत और अमेरिका के बीच बढ़ते रणनीतिक तालमेल पर चर्चा हुई। दोनों पक्षों ने यह स्पष्ट किया कि वे क्षेत्र में स्थिरता बनाए रखने के लिए मिलकर काम करते रहेंगे। इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ मुख्यालय के अनुसार, इस बातचीत में द्विपक्षीय और त्रि-सेवा सहयोग को और विस्तारित करने पर भी सहमति बनी।

### बदलते युद्ध स्वरूप पर चर्चा

ब्रिटेन दौरे के दौरान जनरल चौहान ने रॉयल कॉलेज ऑफ डिफेंस स्टडीज में भी संबोधन दिया, जहां उन्होंने आधुनिक युद्ध की बदलती प्रकृति और वैश्विक सुरक्षा पर उसके प्रभाव को विस्तार से समझाया। उन्होंने यह भी बताया कि भारत किस तरह वैश्विक स्तर पर स्थिरता और सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

### तकनीक और सैन्य सहयोग पर फोकस

दोनों देशों ने इस बात को स्वीकार किया कि आधुनिक समय में तकनीक सैन्य शक्ति का अहम आधार बन चुकी है। इसी को ध्यान में रखते हुए रक्षा सहयोग को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में काम करने पर बल दिया गया। इससे पहले, जनरल अनिल चौहान ने ब्रिटेन के शीर्ष सैन्य अधिकारियों के साथ भी महत्वपूर्ण बैठकें कीं। उन्होंने सर रिचर्ड नाइटन के साथ मुलाकात कर वैश्विक चुनौतियों, साइबर खतरों और व्यापार असंतुलन जैसे मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान भारत और ब्रिटेन ने भी इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में शांति

26 April -26 page 8 25-04-26 10:34 PM Page 1



गाजियाबाद नगर निगम
Ghaziabad Nagar Nigam
(ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY
غازی آباد ڈویلپمنٹ اتھارٹی

# राजनगर एक्सटेंशन में पुलिस के इकबाल को चुनौती देने वालों को पहुंचाया हवालात, पांच गिरफ्तार

### - नंदग्राम थानाक्षेत्र का है मामला

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नंदग्राम थानाक्षेत्र में पुलिस के इकबाल को चुनौती देना पांच युवकों को भारी पड़ गया। यूपी-112 पीआरवी टीम पर हमला करने और सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है, जबकि अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार 23 अप्रैल की रात करीब 2 बजे यूपी-112 की पीआरवी-8633 को सूचना प्राप्त हुई कि राजनगर एक्सटेंशन स्थित माउंट ग्रीन फार्म हाउस में 20-25 युवक आतिशबाजी कर उत्पात मचा रहे हैं और आसपास के लोगों को परेशान कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और युवकों को आतिशबाजी बंद करने व शांति बनाए रखने के लिए कहा। लेकिन नशे में धुत युवकों ने पुलिस की बात मानने के बजाय हंगामा शुरू कर दिया।



## पुलिस टीम पर हमला, होने पर पुलिसकर्मियों में आक्रोश

करंट क्राइम। आरोप है कि युवकों ने एकजुट होकर पुलिस टीम को घेर लिया और उनके साथ गाली-गलौज, धक्का-मुक्की और मारपीट की। इतना ही नहीं, पुलिसकर्मियों की वर्दी फाड़ने का प्रयास किया गया और उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। इस दौरान मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना को गंभीरता से लेते हुए थाना नंदग्राम पुलिस ने तत्काल उच्च अधिकारियों के निर्देश पर मुकदमा दर्ज किया और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमों का गठन किया। सभी को सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल वीडियो और स्थानीय इनपुट के आधार पर आरोपियों की पहचान की गई। लगातार दबिश देकर पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने नईम (38 वर्ष), वसीम (35 वर्ष), हुनैर (30 वर्ष), उजैफ (20 वर्ष), जुनैद 19 वर्ष सभी निवासी फर्रुखनगर थाना टीलामोड़ हैं।

## अभी कई और आंएगे रडार पर

**करंट क्राइम ।** पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे सभी एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए माउंट ग्रीन फार्म हाउस आए थे। उन्होंने शराब का सेवन कर रखा था और पटाखे जला रहे थे। किसी व्यक्ति द्वारा 112 नंबर पर कॉल कर शिकायत की गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के समझाने पर वे भड़क गए और विवाद बढ़ते-बढ़ते मारपीट में बदल गया। पुलिस का कहना है कि सभी गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। वहीं, घटना में शामिल अन्य फरार युवकों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि सरकारी कार्य में बाधा डालने, कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने और पुलिसकर्मियों पर हमला करने वालों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जा रही है। ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# गुंडों पर पुलिस का बड़ा प्रहार, 5 अपराधी जिला बदर

## 6 माह तक कमिशनरेट में एंट्री रहेगी बैन

➩ **चोरी, झपटमारी और महिलाओं के खिलाफ अपराध करने वालों पर कमिश्नरेट का शिकंजा, जनता में डर फैलाने वालों को शहर से बाहर किया**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद ने अपराधियों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करते हुए 5 शातिर बदमाशों पर बड़ा प्रहार किया है। उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम-1970 के तहत सुनवाई के बाद इन सभी को गुंडा घोषित करते हुए 6 महीने के लिए जिले की सीमाओं से बाहर (जिला बदर) कर दिया गया है। पुलिस के मुताबिक, ये आरोपी लंबे समय से चोरी, झपटमारी, महिलाओं के खिलाफ अपराध, मारपीट, गाली-गलौज और दबंगई जैसी घटनाओं में लिप्त थे। इनकी दहशत इतनी थी कि आम लोग इनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने और गवाही देने से भी कतराते थे। पुलिस ने पारूल उर्फ भारत भूषण (लोनी बॉर्डर), विशाल उर्फ विशु डागर (नंदग्राम), सुदीप (मोदीनगर), शेर मोहम्मद उर्फ शेरू (मसूरी) और आकाश (मुरादनगर) इन सभी के खिलाफ विभिन्न थानों में कई गंभीर आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें मारपीट, चोरी और अन्य संगीन धाराएं शामिल हैं।

## अब तक 42 अपराधियों को किया गया गुंडा घोषित



**करंट क्राइम।** सीपी जे रविंदर गौड का कहना है कि अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा। जिला बदर की इस कार्रवाई से न सिर्फ अपराध पर अंकुश लगेगा, बल्कि आम जनता को भयमुक्त और सुरक्षित माहौल मिलेगा। वर्ष 2026 में अब तक 42 अपराधियों को गुंडा घोषित कर जिला बदर किया जा चुका है, जबकि 12 को थानों में नियमित हाजिरी के आदेश दिए गए हैं।



# गाजियाबाद में स्कूलों के समय में बड़ा बदलाव

**भीषण गर्मी और लू का असर**

## जिला विद्यालय निरीक्षक ने जारी किया आदेश

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद में लगातार बढ़ती गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए प्रशासन और बेसिक शिक्षा विभाग ने अहम निर्णय लिया है। छोटे बच्चों की सेहत को ध्यान में रखते हुए अब जिले के सभी विद्यालयों के समय में परिवर्तन कर दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड और भारतीय स्कूल प्रमाणपत्र परीक्षा परिषद से संचालित सभी विद्यालयों में नर्सरी से कक्षा 8 तक की कक्षाएं अब सुबह 7:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक ही संचालित होंगी। यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है, ताकि बच्चों को दोपहर की तेज धूप और लू से बचाया जा सके। पिछले कुछ दिनों से गाजियाबाद में तापमान लगातार 42 डिग्री सेल्सियस के पार बना हुआ है। दोपहर के समय तेज धूप, गर्म हवाएं और बढ़ती उमस ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। खासकर छोटे बच्चों पर इसका असर अधिक देखने को मिल रहा है। लंबे समय तक विद्यालय में रहने के कारण बच्चों में पानी की कमी, चक्कर आना, उल्टी, सिरदर्द और लू लगने जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, कम उम्र के बच्चों में शरीर का तापमान नियंत्रित करने की क्षमता पूरी तरह विकसित नहीं होती, ऐसे में अत्यधिक गर्मी उनके लिए खतरनाक साबित हो सकती है। इसी वजह से विद्यालयों के समय को सुबह के अपेक्षाकृत ठंडे समय में सीमित किया गया है।



प्रशासन ने विद्यालय प्रबंधन को निर्देश दिए हैं कि बच्चों के लिए पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, कक्षाओं में हवा के आवागमन का उचित प्रबंध हो तथा किसी भी बच्चे में गर्मी से संबंधित लक्षण दिखाई देने पर तुरंत प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया जाए। साथ ही अभिभावकों से अपील की गई है कि वे बच्चों को हल्के, सूती वस्त्र पहनाकर विद्यालय भेजें और उनके साथ पानी की बोतल अवश्य दें। विशेषज्ञों ने सलाह दी है कि विद्यालय से लौटने के बाद बच्चों को आराम दिया जाए, उन्हें तेज धूप में बाहर खेलने से रोका जाए और नींबू पानी, छाछ व ओआरएस जैसे तरल पदार्थों का सेवन कराया जाए, ताकि शरीर में पानी की कमी न हो। गाजियाबाद में बढ़ती गर्मी को देखते हुए यह बदलाव फिलहाल अस्थायी रूप से लागू किया गया है। यदि तापमान में और वृद्धि होती है तो प्रशासन द्वारा आगे और सख्त कदम भी उठाए जा सकते हैं। यह निर्णय बच्चों की सुरक्षा और स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# निस्कॉर्ट मीडिया कालेज तथा ब्रह्माकुमारीज के सहयोग से चौथा राष्ट्रीय मीडिया सम्मेलन 2026 आयोजित किया

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** निस्कॉर्ट मीडिया कॉलेज और ब्रह्माकुमारीज ने मिलकर शनिवार, 25 अप्रैल को चौथे 'राष्ट्रीय मीडिया सम्मेलन 2026 का आयोजन किया। इस साल का विषय था– **समृद्ध भारत के लिए समाधान-आधारित मीडिया**। यह सम्मेलन शिक्षाविदों और मीडिया के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच रहा, जहाँ चर्चा की गई कि पत्रकारिता कैसे देश के विकास में रचनात्मक भूमिका निभा सकती है।





कार्यक्रम में निस्कॉर्ट के अध्यक्ष बिशप रायराला विजय कुमार, निस्कॉर्ट के निदेशक फादर रॉबिन्सन रोड्रिग्स, प्रिंसिपल डॉ ऋतु दुबे तिवारी, ब्रह्माकुमारीज मीडिया विंग के राष्ट्रीय संयोजक बी के सुशांत, दिल्ली की मीडिया संयोजिका बी के सुनीता, बी के लवली, मीडिया संयोजक दिल्ली/रा रा क्षेत्र बी के गणेश जोशी और अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए।

यह सम्मेलन दो सत्रों में 15 रिसर्च पेपर प्रजेंटेशन के साथ पूरा हुआ। अंत में पुरस्कार वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन मुख्य अतिथि प्रो. रबी नारायण कर (प्रधानाचार्य, श्यामलाल कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय) के संबोधन से हुआ।

# एक दिन में चार मोर्चों पर सक्रिय भाजपा

## बूथ से सभागार तक कार्यक्रमों की श्रृंखला

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शहर में आज यानी रविवार को भारतीय जनता पार्टी ने संगठनात्मक सक्रियता का व्यापक प्रदर्शन करते हुए एक ही दिन में चार प्रमुख कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा । बूथ स्तर से लेकर सभागारों तक आयोजित इन कार्यक्रमों के जरिए कार्यकताओं को जोड़ने और जनसंपर्क को मजबूत करने का प्रयास किया गया जाएगा । यह जानकारी भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने दी।



आज सुबह 11 बजे प्रधानमंत्री के संवाद कार्यक्रम मन की बात का प्रसारण प्रत्येक बूथ पर सामूहिक रूप से किया गया जाएगा। जिसमें कार्यकताओं की भागीदारी रहेगी । इससे पहले सुबह 10:30 बजे पटेल मार्ग स्थित रेड वेलवेट में जन आक्रोश महिला सम्मेलन आयोजित होगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद गीता शाक्य ने भाग लेंगी और महिलाओं से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की जायेगी। दोपहर 12:30 बजे कविनगर स्थित जानकी भवन में भारत और उसकी वैज्ञानिक महिमा विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ संबोधित करेंगे। इसके बाद दोपहर 1:30 बजे होटल वेस्ट व्यू में अभिनंदन समारोह आयोजित किया जाएगा, जहां तरुण चुघ का स्वागत और कार्यकर्ताओं के साथ संवाद होगा।

भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने बताया कि इन सभी कार्यक्रमों के माध्यम से संगठन को और सशक्त बनाने तथा आमजन से संवाद बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।

# गाजियाबाद की महिलाएं अब चुप नहीं बैठेंगी : शीतल चौधरी

**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** गाजियाबाद महानगर में महिलाओं का जो आक्रोश देखने को मिला, वह पूरी तरह जायज था। यह केवल एक विरोध नहीं, बल्कि महिलाओं की आवाज और अधिकारों की मांग का प्रतीक है। हमें आश्चर्य होता है कि विपक्ष के कुछ पुरुष नेता इस आक्रोश पर आपत्ति जता रहे हैं। सवाल यह है कि क्या उनके पास अपनी महिला कार्यकर्ता और महिला नेता नहीं हैं, जो इस विषय पर खुलकर अपनी बात रख सकें?



महिलाओं से जुड़े मुद्दों पर महिलाओं की आवाज को आगे आना चाहिए। यदि विपक्ष को इस आंदोलन से असहमति है, तो वे अपनी महिला नेताओं के माध्यम से स्पष्ट करें कि वे इस बिल के रुकने को क्यों उचित मानते हैं। गाजियाबाद की महिलाएं अब चुप नहीं बैठेंगी—वे अपने अधिकारों और सम्मान के लिए मजबूती से आवाज उठाती रहेंगी।

# 'ऑपरेशन हुड़दंग' का असर 20 से अधिक शराबी गिरफ्तार




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में कानून-व्यवस्था को सख्त बनाए रखने के लिए पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर चलाए जा रहे ऑपरेशन हुड़दंग के तहत मसूरी थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है।

थाना प्रभारी अजय चौधरी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने फाइव स्टार होटल के आसपास और थाना मसूरी क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाकर 20 से अधिक शराब पीकर हुड़दंग करने वाले लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, ये लोग सार्वजनिक स्थानों पर शराब के नशे में शांति भंग कर रहे थे और राहगीरों के लिए परेशानी का कारण बन रहे थे। कार्रवाई के दौरान सभी आरोपियों को हिरासत में लेकर थाने लाया गया, जहां उनके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। थाना प्रभारी अजय चौधरी ने बताया कि ऑपरेशन हुड़दंग के तहत आगे भी ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे और सार्वजनिक स्थानों पर हुड़दंग मचाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया और आम लोगों ने राहत की सांस ली है।

# ग्रेटर नोएडा हॉस्टल में हादसा

## 12 वीं मंजिल के कमरे में भड़की आग


**नोएडा, करंट क्राइम।** ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क स्थित लिविंग स्टेंजा हॉस्टल में शनिवार शाम अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि समय रहते हॉस्टल कर्मचारियों ने करीब आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई।

जानकारी के अनुसार शनिवार को करीब 6 बजकर 26 मिनट पर हॉस्टल की 12वीं मंजिल पर स्थित रूम नंबर 1211 में दमकल विभाग को आग लगने की सूचना मिली। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार कमरे के फर्श पर बिछे गद्दे में आग लग गई थी, जिससे धुआं उठने लगा। धुआं फैलते ही हॉस्टल में मौजूद छात्र-छात्राओं में हलचल मच गई और तत्काल इसकी सूचना प्रबंधन को दी गई।



आग लगने के दौरान छात्र सुरक्षित नीचे उतर आए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए हॉस्टल कर्मचारियों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए परिसर में लगे अग्निशमन उपकरणों का उपयोग किया और आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। कर्मचारियों की तत्परता और सूझबूझ के चलते फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले ही आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। आग को फैलने से रोक दिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि सूचना मिलते ही फायर सर्विस की टीम मौके के लिए रवाना हुई, लेकिन तब तक आग पूरी तरह बुझाई जा चुकी थी।

# ट्रांस हिंडन में पानी का संकट, कम दबाव और दूषित आपूर्ति से हाहाकार



**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** ट्रांस हिंडन में पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। यहां के लोगों को कम प्रेशर व गंदे पानी की आपूर्ति की समस्या से राहत नहीं मिल रही है। इससे लोग अवैध प्लांटों व दुकानों पर निर्भर हो गए हैं।

इंदिरापुरम के नीति खंड-तीन में शुक्रवार सुबह में कम प्रेशर से जलापूर्ति हुई। इससे ऊपरी मंजिलों तक पानी नहीं पहुंच सका। स्थानीय निवासी धर्मेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि माह में ज्यादातर दिन कम प्रेशर से ही पानी की आपूर्ति होती है। कम पानी मिलने से जरूरत कार्य भी नहीं कर पाते। नहाने और कपड़े धोने में सबसे ज्यादा परेशानी होती है, जो पानी मिला वह दोपहर तक ही खत्म हो गया। दूसरी मंजिल से ऊपर वालों को पानी ही नहीं मिला। जब जलकल विभाग में शिकायत की तो उन्होंने आपूर्ति सामान्य बता दी। वहीं, सूर्यनगर में भी कम समय पानी की आपूर्ति हुई। यहां के लोगों को भी आए दिन इस समस्या से जूझना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी लल्लन सिंह ने बताया कि स्थिति ये है कि सुबह-शाम 10 से 15 मिनट ही पानी की आपूर्ति हो रही है। वैशाली में गंदे पानी की आपूर्ति हुई।

### डिफेंस कॉलोनी में आया गंदा पानी

भोपुरा की डिफेंस कॉलोनी में आए दिन गंदे पानी की आपूर्ति हो रही है। शुक्रवार को भी गंदे पानी की आपूर्ति हुई। इससे यहां के करीब 15 हजार लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी। स्थानीय निवासी राजकुमार ने बताया कि पेयजल में सीवर का पानी मिलने आ रहा है। पानी से बहुत ज्यादा दुर्गंध आ रही है। इससे हाथ तक नहीं धो पाए। जिन इलाकों से भी गंदे पानी व कम प्रेशर से पानी आने की शिकायत मिल रही है वहां समाधान कराया जा रहा है। अगर कहीं लाइन में फाल्ट हो तो ठीक कराया जाएगा।

# 31 साल पुराने मर्डर केस का दोषी निकला यूट्यूबर सलीम वास्तिक

## दिल्ली पुलिस ने किया गिरफ्तार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** यूट्यूब पर एक्स-मुस्लिम एक्टिविस्ट के रूप में सक्रिय और अपने बेबाक बयानों को लेकर चर्चा में रहने वाला सलीम वास्तिक अब एक सनसनीखेज खुलासे के बाद पुलिस गिरफ्त में है। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच जांच में सामने आया है कि सलीम वास्तिक असल में 1995 में हुए 13 साल के छात्र के अपहरण और हत्या के मामले में दोषी है, जो पिछले करीब तीन दशकों से पहचान छुपाकर रह रहा था। पुलिस ने उसे गाजियाबाद के लोनी इलाके से गिरफ्तार कर तिहाड़ जेल भेज दिया है।



जानकारी के मुताबिक, मामला वर्ष 1995 का है जब 13 वर्षीय छात्र संदीप बंसल स्कूल गया, लेकिन वापस घर नहीं लौटा। अगले दिन परिजनों को 30 हजार रुपये की फिरौती के लिए धमकी भरा फोन आया था। अपहरणकर्ताओं ने पुलिस को सूचना देने पर बच्चे की हत्या की चेतावनी दी थी। इसके कुछ समय बाद मुस्तफाबाद के एक नाले से बच्चे का शव बरामद हुआ।

जांच के दौरान सामने आया कि इस जघन्य वारदात में उसी स्कूल में मार्शल आर्ट्स सिखाने वाला सलीम खान शामिल था। उसने अपने एक साथी के साथ मिलकर पैसों के लालच में इस घटना को अंजाम दिया था। वर्ष 1997 में अदालत ने उसे उम्रकैद की सजा सुनाई थी। बताया जा रहा है कि वर्ष 2000 में दिल्ली हाईकोर्ट से अंतरिम जमानत मिलने के बाद सलीम खान फरार हो गया। उसने खुद को कागजों में मृत दर्शा दिया और हरियाणा व उत्तर प्रदेश में पहचान बदलकर रहने लगा। इसी दौरान वह गाजियाबाद के लोनी क्षेत्र में ह्यसलीम वास्तिकद्ब नाम से रहने लगा और यूट्यूब पर सक्रिय होकर खुद को सोशल एक्टिविस्ट के रूप में स्थापित कर लिया।

पुलिस के अनुसार, हाल ही में क्राइम ब्रांच को गुप्त सूचना मिली कि चर्चित यूट्यूबर ही एक पुराना वांटेड अपराधी है। इसके बाद पुलिस ने पुराने रिकॉर्ड, फोटो और फिंगरप्रिंट का मिलान किया, जिसमें उसकी पहचान की पुष्टि हो गई। इसके बाद पुलिस टीम ने लोनी में छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। गौरतलब है कि फरवरी 2026 में लोनी में सलीम वास्तिक पर चाकू से जानलेवा हमला हुआ था, जिसमें वह खुद को पीड़ित बताकर सामने आया था। उस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों का एनकाउंटर भी किया था। हालांकि अब जांच में सामने आया है कि जिस व्यक्ति को पीड़ित माना जा रहा था, उसके अतीत में एक मासूम की हत्या का गंभीर अपराध दर्ज है। फिलहाल आरोपी सलीम वास्तिक को तिहाड़ जेल भेज दिया गया है।

पुलिस अब उससे जुड़े अन्य पहलुओं और संभावित नेटवर्क की भी जांच कर रही है।

## सलीम वास्तविक हमला करने वाले सगे भाई हुए थे ढेर

**करंट क्राइम ।** यूट्यूबर सलीम वास्तविक पर जानलेवा हमला करने वाले दोनों सगे भाइयों का पुलिस ने एनकाउंटर में खात्मा कर दिया था। यह मामला फरवरी 2026 का है, जब लोनी इलाके में उनके दफ्तर में घुसकर हमलावरों ने धारदार हथियार से ताबड़तोड़ हमला किया, जिसमें सलीम गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जांच के दौरा हमलावरों की पहचान अमरोहा निवासी जीशान और उसके बड़े भाई गुलफाम के रूप में हुई। दोनों आरोपी वारदात के बाद फरार हो गए थे, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने इनाम भी घोषित किया था। पहला एनकाउंटर मार्च 2026 को हुआ, जब पुलिस ने जीशान को मुठभेड़ में मार गिराया। इसके बाद 3 मार्च की रात इंदिरापुरम क्षेत्र में दूसरे आरोपी गुलफाम को भी पुलिस ने ढेर कर दिया। पुलिस के मुताबिक, दोनों हमलावर कट्टरपंथी सोच से प्रेरित थे और इसी वजह से उन्होंने इस वारदात को अंजाम दिया।

# पुलिस लाइन में आज पासिंग आउट परेड कमिश्नर लेंगे नए रंगरूटों से सलामी

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वर्चुअली जुड़कर देंगे सेवा और कर्तव्यनिष्ठा का संदेश






**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद पुलिस लाइन में रविवार सुबह एक भव्य पासिंग आउट परेड का आयोजन किया जा रहा है, जहां पुलिस कमिश्नर नए रंगरूटों से सलामी लेंगे। इस परेड के साथ ही कमिश्नरेट पुलिस बल को बड़ी संख्या में नए सिपाही मिलेंगे, जिनमें महिला और पुरुष दोनों शामिल हैं।

सुबह 7:30 बजे पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड में कार्यक्रम शुरू होगा। करीब 20 मिनट के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कार्यक्रम से जुड़ेंगे। इस दौरान वे नवप्रशिक्षित सिपाहियों को सेवा, समर्पण और सुरक्षा का संदेश देंगे और कर्तव्यनिष्ठा का महत्व समझाएंगे। लंबे प्रशिक्षण के बाद ये पुलिसकर्मी अब फील्ड में उतरने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। परेड के दौरान सभी प्रशिक्षु सिपाही कमिश्नरेट के वरिष्ठ अधिकारियों को सलामी देंगे। कार्यक्रम को लेकर पुलिस विभाग ने व्यापक तैयारियां की हैं और पुलिस लाइन को भव्य तरीके से सजाया गया है।

यह पासिंग आउट परेड न केवल नए सिपाहियों के करियर की शुरूआत है, बल्कि गाजियाबाद की कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने की दिशा में भी एक अहम कदम माना जा रहा है।